वर्ष : 16 ●अंक : 209 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 21 नवम्बर 2024

# महाराष्ट्र में किसके सिर सजेगा ताज?

## वोटिंग के बाद सबको एग्जिट पोल्स का इंतजार






**नूना न्यूज एजेंसी।**

**महाराष्ट्र।** की सभी 288 (एक चरण) सीटों और झारखंड की 81 सीटों (दो चरणों में) पर आज मतदान पूरा हो जाएगा. दोनों राज्यों के नतीजे यूं तो 23 तारीख को घोषित किए जाएंगे, लेकिन सबके मन में यही सवाल घूम रहा है कि सत्ता का ताज किसके सिर सजेगा. तमाम न्यूज चैनलों और एजेंसियों के एग्जिट पोल आज शाम में जारी होंगे, जिसमें ये अंदाजा लगाया जाएगा कि कहां किसकी सरकार बन सकती है. महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी बाजी मारेगा या महायुति सर्वे में लोगों का रुझान पेश किया जाएगा. झारखंड के एग्जिट पोल्स के जरिए भी कयास लगाए जाएंगे कि वहां एक बार हेमंत सोरेन सरकार की वापसी हो रही है या बीजेपी कमल का फूल खिलाने जा रही है. वहीं आज यूपी समेत 4 राज्यों की 15 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर एग्जिट पोल्स सामने आएंगे कि आखिर कौन-सी सीट किसके खाते में जा सकती है. अपने पोल ऑफ पोल्स में सभी एग्जिट पोल्स का निचोड़ पेश करेगा कि हवा का रुख किस ओर बह रहा है. हालांकि ये एग्जिट पोल्स हमेशा सही साबित नहीं हुए,कई बार नतीजे एकदम उलट आए हैं. पिछला हरियाणा चुनाव भी इसका उदाहरण है,जिसके एग्जिट पोल्स में ज्यादातर ने कांग्रेस की सरकार बनवाई थी, लेकिन नतीजे आए तो प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी. हालांकि जम्मू-कश्मीर के नतीजे सटीक साबित हुए थे।

महाराष्ट्र में CM एकनाथ शिंदे के बेटे और शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने कहा कि बहुत अच्छा माहौल है.लोग बाहर निकलकर मतदान कर रहे हैं, जिस तरह विकास का काम हुआ है, जिस तरह योजनाएं लाई गई हैं. लोग उत्साहित हैं. लाडली बहन योजना का असर बहुत ज्यादा है। मुंबई में वोट करने के बाद गीतकार गुलजार ने कहा कि उम्मीद है कि हमारा आम आदमी बहकेगा नहीं. हमारा आम आदमी सब जानता है और सब पहचानता है और वो किसी के बहकावे में ना आकर उसे ही वोट करेगा जो सही है. मुंबई में अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने वोट डालने के बाद कहा कि हर किसी को मतदान करना चाहिए. इससे बड़ा महोत्सव एक आजाद देश में कुछ और नहीं होता. इंफ्रास्ट्रक्चर, आसान जीवन बनाने के लिए वोट करें. जो आज मतदान में भाग नहीं लेंगें, फिर उन्हें शिकायत करने का कोई हक नहीं है। नागपुर में मतदान के बाद केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एनडीटीवी से खास बातचीत की और विदर्भ और महाराष्ट्र में पार्टी के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि पिछली बार कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया था कि अगर बीजेपी 400 सीटें जीतेगी तो संविधान बदल दिया जाएगा. यह पूरी तरह से गलत और बेबुनियाद था. मैं स्पष्ट कर दूं- हम न तो संविधान बदलेंगे, न ही किसी को बदलने देंगे, और न ही किसी की इतनी हिम्मत है कि वह संविधान को बदले. जनता जवाब दे रही है। नागपुर दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक 19.91 प्रतिशत मतदान हुआ. नागपुर दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस मैदान में हैं.उन्होंने बताया कि पुणे जिले के बारामती में मतदान प्रतिशत 18.81 रहा. बारामती से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार अपने भतीजे युगेन्द्र पवार के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं. महाराष्ट्र में सुबह 11 बजे तक 18.14 प्रतिशत मतदान हुआ. गढ़चिरौली जिले में मतदान के पहले चार घंटों में 30 प्रतिशत मतदान हुआ.जिले के अहेरी में 30.6 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि आरमोरी विधानसभा में 30.75 प्रतिशत मतदान हुआ. मुंबई शहर जिले में 15.78 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मुंबई उपनगरीय जिले में 17.99 प्रतिशत मतदान हुआ. महानगर के कोलाबा विधानसभा क्षेत्र में 13.03 प्रतिशत, माहिम में 19.66 प्रतिशत और वर्ली में 14.59 प्रतिशत जबकि मुंबई उपनगरीय क्षेत्र भांडुप में 23.42 प्रतिशत मतदान हुआ. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित कोपरी-पचपाखड़ी निर्वाचन क्षेत्र में 18.22 प्रतिशत मतदान हुआ।

### ›› महा विकास अघाड़ी में किस पार्टी के कितने उम्मीदवार?

विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में है. कांग्रेस ने महाराष्ट्र की 101 सीटों पर कैंडिडेट खड़े किए हैं. शरद पवार का गुट 86 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है. जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना 95 सीटों पर ताल ठोक रही है. कोल्हापुर उत्तर सीट पर टश्अ से कोई उम्मीदवार नहीं है. कांग्रेस विदर्भ (40) में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसके बाद पश्चिम महाराष्ट्र (19) और मराठवाड़ा (15) में चुनाव लड़ रही है. शिवसेना (UBT) ठाणे-कोंकण (24) में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसके बाद मुंबई (22) में है. जबकि शरद पवार गुट पश्चिम महाराष्ट्र (38) में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### ›› महाराष्ट्र में महायुति के कितने उम्मीदवार?

महायुति में BJP बड़े भाई की भूमिका में है. BJP ने 288 में से 149 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं. शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) 81 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. जबकि NCP (अजित पवार गुट) ने 59 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं. एक सीट पर BJP और शिंदे गुट के प्रत्याशी आमने-सामने हैं. BJP विदर्भ में सबसे अधिक सीटों (47) पर चुनाव लड़ रही है, उसके बाद पश्चिम महाराष्ट्र (31) और मराठवाड़ा (20) में चुनाव लड़ रही है. इसके अलावा महाराष्ट्र की छोटी सहयोगी पार्टियां भी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## डोनाल्ड ट्रम्प की विजय और भारत

अमेरिका में रिपब्लिकल पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अब यह तय हो गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे। अमेरिका का इतिहास बताता है कि ट्रम्प की यह जीत उनकी ऐतिहासिक वापसी है। अमेरिका में यह विजय किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रम्प अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बना दिया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ किसी भी प्रकार से सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। हालांकि अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने तो उनको भावी राष्ट्रपति के रूप में प्रचारित कर दिया। लेकिन यह नैरेटिव भी उनके लिए जीत का मार्ग नहीं बना सका। यहां एक खास तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके, लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी। वैश्विक राजनीति के जानकार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रम्प की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रम्प के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका की खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## ब्रीफ न्यूज

### फ्लाइट में महिला की हार्ट अटैक से मौत

**चेन्नई,** निजी विमान से कुआलालंपुर से चेन्नई आ रही एक महिला फ्लाइट में मृत पाई गई। उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। पुलिस ने बताया कि महिला का शव सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। वह तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले की रहने वाली थी।

### आरबीआई गवर्नर का डीपफेक वीडियो वायरल

**नई दिल्ली,** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हो रहे डीपफेक वीडियो पर लोगों को चेतावनी दी है। आरबीआई ने कहा कि फेक वीडियोज में हमारे अधिकारियों को फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एडवाइज देते दिखाया जा रहा है। आरबीआई ने कहा कि हमारे अधिकारियों को स्कीम के लॉन्च या सपोर्ट करते हुए दिखाया जा रहा है। आरबीआई ने कहा कि हमारे अधिकारी ऐसी किसी स्कीम में शामिल नहीं हैं।

### इंडिगो की फ्लाइट में आई खराबी, यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली,** इंडिगो की बेंगलुरु से मालदीव की राजधानी माले जाने वाली फ्लाइट में मंगलवार दोपहर तकनीकी खराबी आ गई। इस कारण विमान को कोच्चि एयरपोर्ट पर उतारा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट में कितने यात्री सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इंडिगो की ओर से इस घटना पर आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, विमान ने कोच्चि में दोपहर करीब 2.20 बजे सुरक्षित लैंडिंग की।

### दिल्ली में 15 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग

**नई दिल्ली,** दिल्ली के बवाना इलाके की एक 15 मंजिला बिल्डिंग में मंगलवार सुबह आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि आग से फिलहाल कोई घायल नहीं हुआ है। आग लगने के कारण का भी पता नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी।

## आपातकालीन मामलों की सुनवाई का सीजेआई ने बदला नियम

### रोस्टर में तय तारीखों के अलावा अत्यावश्यक मामलों को कभी भी लेने का विकल्प होगा



**पेंडेंसी को कम करने के लिए किए गए हैं बदलाव**

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट की पीठों के पास अब रोस्टर में तय तिथियों के अलावा अन्य दिनों में नियमित मामलों की सुनवाई का विकल्प होगा।

एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठों के पास अब रोस्टर में तय तारीखों के अलावा अन्य दिनों मंगलवार, बुधवार और गुरुवार में आंशिक सुनवाई वाले नियमित और अत्यावश्यक मामलों को लेने का विकल्प होगा। शीर्ष अदालत के एक सूत्र ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। हाल तक चली आ रही प्रथा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं, जिनमें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंशिक सुनवाई वाले नियमित मामले भी शामिल थे, जिन्हें Non-Miscellaneous Days भी कहा जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं हजारों मामले

रिपोर्ट के अनुसार यह फैसला सीजेआई द्वारा नोटिस के बाद के मामलों की पेंडेंसी को कम करने के लिए किया गया था और अगर जरूरी हुआ तो दिसंबर 2024 के बीच में या उससे पहले स्थिति की समीक्षा की जाएगी। सूत्र के मुताबिक, नोटिस के बाद कनेक्टेड मामलों सहित विभिन्न मामलों की कुल संख्या 37,317 (20,930 मुख्य और 16,387 कनेक्टेड मामले) से अधिक है। कनेक्टेड मामलों सहित नियमित मामलों की कुल संख्या लगभग 21,639 (10,988 मुख्य और 10,651 कनेक्टेड मामले) है।

## फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' मप्र में टैक्स फ्री

### मुख्यमंत्री ने कहा- मैं फिल्म देखने जाऊंगा, मंत्री, विधायकों को भी भेजेंगे

**भोपाल, प्रसं।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होगी। उन्होंने कहा कि अतीत की घटनाओं को तथ्यपरक रूप से फिल्म में प्रस्तुत किया गया है। अधिक से अधिक लोग यह फिल्म देख सकें, इस उद्देश्य से फिल्म को टैक्स फ्री किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की तारीफ करते हुए कहा, मैं खुद भी देखने जा रहा हूं। मंत्री, सांसद, विधायकों को भी फिल्म देखने के लिए भेजेंगे। सीएम ने कहा कि अतीत के काल में ऐसा काला अध्याय है, जो फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। इस फिल्म को देखने से समझ में आता है कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन वोटों की राजनीति के लिए इतना गंदा खेल खेलना खराब बात थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तब मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने इस घटना के दौरान कुशलता के साथ गुजरात की और देश की इज्जत बचाई है, इसलिए इस सत्य के आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी दिखाई देना ही चाहिए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं।

## हिमाचल भवन को कुर्क करने के आदेश

**कंपनी के 64 करोड़ न चुकाने पर हाईकोर्ट का फैसला**

**शिमला,** हिमाचल हाईकोर्ट ने दिल्ली स्थित राज्य सरकार के हिमाचल भवन की संपत्ति को अटैच करने के आदेश दिए हैं। जज अजय मोहन गोयल की अदालत ने सेली कंपनी को 64 करोड़ रुपए का अपफ्रंट प्रीमियम (अग्रिम राशि) नहीं देने के मामले में यह आदेश दिया। इतना ही नहीं कोर्ट ने कंपनी को अपफ्रंट प्रीमियम पर 7 प्रतिशत ब्याज भी देने को कहा है।

यह ब्याज उन अधिकारियों से लिया जाएगा, जिनकी लापरवाही के कारण कंपनी को अपफ्रंट प्रीमियम 13 जनवरी 2023 की एकल पीठ आदेशों के बावजूद नहीं दिया गया। कोर्ट ने अब ऊर्जा सचिव को 15 दिन के अंदर आरोपी अधिकारियों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई में ऐसे अधिकारियों के नाम कोर्ट को बताने होंगे। दोषी अधिकारियों से ब्याज की राशि वसूल कर कंपनी को दी जाएगी। इसे लेकर अगली सुनवाई में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

## थाईलैंड में फंसे एअर इंडिया के 100 से ज्यादा पैसेंजर

### सभी दिल्ली आ रहे थे, टेक्निकल इश्यू की वजह से 80 घंटे में तीन बार यात्रा टली

● **नई दिल्ली**



थाईलैंड के फुकेत में 100 से ज्यादा भारतीय यात्री पिछले 80 घंटे से फंसे हुए हैं। ये पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन टेक्निकल इश्यू की वजह विमान उड़ान नहीं भर पा रहा।

यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को शेयर किया। उनके मुताबिक, फ्लाइट 16 नवंबर की रात दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी। लेकिन तकनीकी खराबी का हवाला देकर 6 घंटे के लिए टाल दिया। घंटों इंतजार के बाद यात्रियों को बोर्डिंग के लिए कहा गया, लेकिन एक घंटे बाद ही फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। अगले दिन उन्हें बताया गया कि फ्लाइट अब ठीक कर दी गई है। विमान ने उड़ान भरी लेकिन करीब ढाई घंटे बाद फुकेत लौट आई। फिर से तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए यात्रियों को उतार दिया गया। तब से सभी यात्री फुकेत में फंसे हुए हैं।

### फ्लाइट को जयपुर में छोड़कर चले गए पायलट

पेरिस से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट को पायलट जयपुर में छोड़कर चले गए। पायलट का कहना था कि उनके ड्यूटी आवर्स पूरे हो गए हैं। फ्लाइट में सवार 180 से ज्यादा पैसेंजर 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इसके बाद उन्हें सड़क मार्ग से दिल्ली भेजा गया। पेरिस से दिल्ली आ रहे पैसेंजर अखिलेश खत्री ने बताया- एअर इंडिया की फ्लाइट रविवार रात 10 बजे पेरिस से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इसे सोमवार सुबह 10.35 बजे दिल्ली पहुंचना था। खराब मौसम की वजह से फ्लाइट दिल्ली लैंड नहीं कर पाई।

**मौत की सजा** इस साल 100 से अधिक विदेशी नागरिकों को दिया गया मृत्युदंड, इनमें तीन भारतीय

## सऊदी अरब ने तोड़ा मौत की सजा देने का अपना रिकॉर्ड

● **नई दिल्ली**

हाल ही में नशीली दवाओं की तस्करी के दोषी ठहराए गए यमन के एक नागरिक को सऊदी अरब में मौत की सजा दी गई है। इससे पहले सितंबर में एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी सऊदी अरब में मौत की सजा दिए जाने में हुई बढ़ोतरी पर चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट के अनुसार इस साल सऊदी अरब ने अब तक कुल 101 विदेशी नागरिकों को मौत की सज़ा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह 2023 और 2022 के आंकड़ों का तीन गुना है। 2022 में 34 और 2023 में भी 34 विदेशियों को ही मृत्युदंड दिया गया था।

ईएसओएचआर के कानूनी निदेशक ताहा अल-हज्जी ने कहा, यह एक साल में विदेशी नागरिकों को मृत्युदंड देने की सबसे बड़ी संख्या है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल के अनुसार वर्ष 2023 में सऊदी अरब ने चीन और ईरान के बाद सबसे अधिक संख्या में मौत की सजा दी थी। अक्टूबर में सात मानवाधिकार संस्थाओं के साथ जारी एक साझा बयान में ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा था, हम सभी संगठन सऊदी अरब में मृत्युदंड की बढ़ती संख्या से भयभीत हैं। आंकड़ों के अनुसार अकेले 2024 के पहले नौ महीनों में कम से कम 200 व्यक्तियों को मृत्युदंड दिया गया, जो पिछले तीन दशकों में एक वर्ष के दौरान मृत्युदंडों की संख्या से अधिक है। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वाली संस्थाओं में एमनेस्टी इंटरनेशनल भी शामिल था।



### इन मामलों में मिलती हैं मौत की सजा

सऊदी अरब में गैर इरादतन हत्या, हत?या की योजना, आंतकवादी गतिविधियां, दुष्कर्म, समलैंगिक संबंध, सेंधमारी, चोरी, डकैती, जासूसी, धर्म के खिलाफ व्यवहार, नशीली दवाओं का सेवन और ब्रिकी के मामले में कानून काफी स?ख्त है। इन अपराधों पर मौत दंड का प्रावधान है। यह देश का कानून यानी शरिया ला का तय करता है। बता दें कि सऊदी अरब दुनिया के उन मुल्कों में है, जहां सबसे ज्यादा कठोर काननू है।

### मौत की सजा पाने वाले किस देश के कितने नागरिक

रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब में मौत की सजा में बढ़ोतरी हुई है और इस साल अब तक 274 मौत की सजाएं हो चुकी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जिन विदेशी नागरिकों को मौत की सजा दी गई है, इनमें पाकिस्तान के 21, यमन के 20, सीरिया के 14, नाइजीरिया के 10, मिस्र के नौ, जॉर्डन के आठ और इथियोपिया के सात शामिल हैं। इसके अलावा इनमें सूडान, भारत और अफगानिस्तान से तीन-तीन और श्रीलंका, इरिट्रिया और फिलिपींस से एक-एक व्यक्ति शामिल था। सऊदी अरब ने 2022 में नशीली दवाओं के अपराधियों की मौत की सजा पर तीन साल की लगी रोक को हटा दिया था। नशीली दवाओं से जुड़े अपराधों के लिए मृत्युदंड ने इस वर्ष की संख्या को बढ़ा दिया है। नशीली दवाओं से जुड़े अपराध के 92 दोषियों को इस साल मृत्युदंड दिया गया है, जिनमें से 69 विदेशी नागरिक थे।

## सुप्रीम कोर्ट व इलाहाबाद हाईकोर्ट उड़ाने की धमकी

**मथुरा ईदगाह केस में सुनवाई से पहले पाकिस्तान से मैसेज आया**

**मथुरा,** प्रयागराज रेलवे स्टेशन, इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में वाद दायर करने वाले आशुतोष पांडे के वॉट्सएप पर धमकी भरा वॉयस मैसेज आया।

मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में सुनवाई भी है। आशुतोष का दावा है- वॉयस मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है। मथुरा के आशुतोष पांडेय को वॉट्सएप पर सोमवार रात 1.37 से 1.40 बजे के बीच पाकिस्तान के नंबर से धमकी भरे 6 वॉयस मैसेज आए। इसके बाद 2.36 बजे वॉट्सएप कॉल कर धमकी दी गई। आशुतोष श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले में पक्षकार हैं। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।

# इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश को गंभीर क्षति हो रही है

## जामा मस्जिद संभल विवाद पर जमीअत उलमा-ए-हिंद अध्यक्ष का बयान



**नई दिल्ली, 20 नवंबर।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने संभल की जामा मस्जिद के संबंध में पैदा हुए विवाद और कोर्ट द्वारा सर्वे के आदेश पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मौलाना मदनी ने कहा कि इतिहास के झूठ और सच को मिलाकर सांप्रदायिक तत्व देश की शांति और व्यवस्था के दुश्मन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने गड़े मुर्दे उखाड़ने से देश की धर्मनिरपेक्ष बुनियादें हिल रही हैं। इसके साथ ही ऐतिहासिक संदर्भों को दोबारा वर्णित करने की कोशिशें राष्ट्रीय अखंडता के लिए किसी भी तरह से अनुकूल नहीं हैं। मौलाना मदनी ने याद दिलाया कि देश ने बाबरी मस्जिद की शहादत सहन की है और उसके प्रभावों से आज भी जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 लागू किया गया था ताकि देश मस्जिद-मंदिर विवादों का केंद्र न बनने पाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी बाबरी मस्जिद मामले में निर्णय सुनाते हुए इस कानून को अनिवार्य बताया था, लेकिन अदालतें आज इसे नजरअंदाज कर के फैसले दे रही हैं। हर गुजरते दिन के साथ कहीं न कहीं मस्जिद का विवाद खड़ा किया जा रहा है और फिर 'सच्चाई जानने' के नाम पर न्यायालयों से सर्वेक्षण की अनुमति ली जाती है। इसके बाद इस सर्वे को मीडिया द्वारा दो समुदायों के बीच दीवार बनाने के लिए का इस्तेमाल किया जाता है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन न्यायालयों को फैसला लेते समय यह जरूर देखना चाहिए कि देश और समाज पर इसके क्या प्रभाव पड़ेंगे। मौलाना मदनी ने आशा व्यक्त की मस्जिद इंतेजामिया कमेटी जामा मस्जिद की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो जमीअत-ए-उलमा हिंद कानूनी कार्रवाई में सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने देश के सभी नागरिकों से कानून-व्यवस्था की स्थापना के लिए धैर्य और सहनशीलता बनाए रखें और ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे संप्रदायिक शक्तियों के षडयंत्र कामियाब हों।

## मंत्री इमरान हुसैन ने फातिमा अकादमी की ओर से आयोजित फॉर एवर इवेंट प्रदर्शनी में आई महिला उद्यमियों के कार्य को सराहा

### वुमन आंत्रप्रेन्योरशिप से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ सशक्त हो रही हैं और नौकरी प्रदाता भी बन रही हैं- इमरान हुसैन



**नई दिल्ली।** 20 नवंबर 2024 दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने फैज हॉल, कटरा दीना बेग, लाल कुआं, दिल्ली में फातिमा अकादमी द्वारा आयोजित फॉरएवर इवेंट एग्जिबिशन का दौरा किया और महिला उद्यमियों के कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस प्रदर्शनी में पारंपरिक आभूषण, देश-विदेशी सूट, सौंदर्य प्रसाधन, हस्त निर्मित लेख, ज्वेलरी , बैग, लाइव सुलेख, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और अन्य उत्पादों की विविध रेंज के साथ महिला सशक्तिकरण को दशार्या गया है। इस अवसर पर मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि यह इस अद्भुत प्रदर्शनी का आयोजन फातिमा अकादमी के सहयोग से संभव हुआ, जिसके योगदान ने स्थानीय आर्टिस्ट , डिजाइनरों और व्यवसायी महिलाओं को कम्युनिटी से जुड़ने के लिए मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली के वॉल्ड सिटी क्षेत्र खासकर पुरानी दिल्ली में शिक्षा और सांस्कृतिक पहल को बढ़ावा देने के लिए फातिमा अकादमी प्रतिबद्धता सराहनीय है, और इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी ने वोकल फॉर लोकल और सामुदायिक प्रतिभाओं के लिए मजबूत मंच प्रदान किया है जो इनके मिशन को और मजबूत करता है। मंत्री ने एग्जिबिशन का अवलोकन भी किया और कहा कि समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें आत्मनिर्भर नौकरी सृजक बनने के साथ-साथ पारंपरिक रूढ़ियों से उबरने में वुमन एंत्रप्रेन्योरशिप की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। श्री इमरान हुसैन ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं में अपने सपनों को आगे बढ़ाने और उन्हें हासिल करने की असीम आकांक्षाएं और दृढ़ संकल्प होता है , उन्हें अपने डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए केवल आत्मविश्वास और समर्थन की आवश्यकता है जिसके लिए फातिमा अकादमी की भूमिका समाज में बहुत अहम है। खाद्य-आपूर्ति मंत्री ने यह भी बताया कि महिला उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) का वीमेन वर्क्स प्रोग्राम की पहल अत्यधिक लाभकारी है , जिससे गृहिणियां और अन्य महिलाएं ट्रेनिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। कैबिनेट मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने एग्जिबिशन के आयोजकों श्री एजाज नूर, मो. जावेद और शुश्री फरजाना के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने स्थानीय महिला उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान किया। आयोजकों के संगठनात्मक कौशल ने सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए सुखद अनुभव भी सुनिश्चित किया। फॉरएवर इवेंट प्रदर्शनी के आयोजक और प्रतिभागियों की पूरी टीम इस इवेंट को एक यादगार और प्रभावशाली कार्यक्रम बनाने के लिए बधाई के पात्र हैं । माननीय मंत्री ने सफल महिला उद्यमियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। फॉरएवर इवेंट प्रदर्शनी में शॉपिंग, सांस्कृतिक प्रदर्शनी, फैशन शो, फूड स्टॉल और इंटरैक्टिव गेम का संयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव के साथ ही समावेशी माहौल को भी प्रदर्शित करता है । इस कार्यक्रम ने न केवल स्थानीय आंत्रप्रेन्योर को बढ़ावा देने में मदद की, बल्कि उपस्थित लोगों के बीच यूनिटी और पगर्व की भावना को भी बढ़ावा दिया।

## भाजपा शासित केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ.एक काम है - दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर को संभालना; लेकिन वो इसमें पूरी तरह से फेल है- सीएम आतिशी



**20 नवंबर।** नई दिल्ली में कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और भाजपा शासित केंद्र सरकार जिसके अंतर्गत दिल्ली की लॉ एंड ऑर्डर व सुरक्षा व्यवस्था आती है, वो कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। तभी अपराधियों का मनोबल इतना ज्यादा बढ़ा हुआ है कि, पिछले दिनों सुंदर नगरी में लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक 28 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने सुंदर नगरी में जाकर मृतक के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। साथ ही दिल्ली सरकार की ओर से मृतक के परिवार की 10 लाख रुपये की सहायता राशि भी दी जाएगी। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, "भाजपा शासित केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ.एक काम है - दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर को संभालना; लेकिन वो इसमें पूरी तरह से फेल है।दिल्ली में सरेआम गोलियाँ चलना, उगाही, मर्डर रोजमर्रा की बात हो गई है, लेकिन गृहमंत्री अमित शाह चुनावी रैलियों में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि, "गृहमंत्री राजनीति करने के बजाय दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को सम्भालने की अपनी जिम्मेदारी निभाए, उनकी नाकामी से दिल्ली क्राइम कैपिटल बन चुकी है। दिल्ली में गुंडागर्दी करने वालों में कोई भी डर नहीं बचा है; उन्हें लगता है कि, वो खुलेआम अपराध कर सकते और पुलिस कुछ नहीं करेगी। इसलिए आज देश की राजधानी में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था 1990 के मुंबई अंडरवर्ल्ड जैसी हो गई है, जहां गैंगस्टर्स का राज था। सीएम आतिशी ने कहा कि, "सुंदर नगरी में एक युवक की जान इसलिए गई क्योंकि दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था बदहाल हो गई है। ये बहुत दुखद बात है कि देश की राजधानी में रोज ऐसी घटनाएं हो रही है। कभी राजौरी गार्डन में गोलियाँ चलने की घटना सुनने को मिलती है तो कभी नांगलोई में ड्यूटी पर पुलिस वाले की जान चली जाती है। कभी शोरूम के बाहर गोलियाँ चलती है तो कभी वेलकम इलाके में 14 राउंड गोलियां चलने की खबर आती है। उन्होंने कहा कि, "आज दिल्ली गैंगस्टर कैपिटल हो गया है। दिल्ली में क्राइम करने वालों, मर्डर करने वालों, उगाही करने वालों, गुंडागर्दी करने वालों में कोई भी डर नहीं बचा है। उन्हें लगता है कि, वो खुलेआम अपराध कर सकते और पुलिस कुछ नहीं करेगी। सीएम आतिशी ने कहा कि, "आज यहाँ सुंदर नगरी में भी पीड़ितों का परिवार यही कह रहा है कि, असल आरोपी जो इस इलाके के गुंडे है, हर तरह के अपराध करते है और इस परिवार के बेटे को मारा है, उसकी गिरफ़्तारी नहीं हुई है। जो दो लोग गिरफ़्तार हुए है, उन्होंने खुद से सरेंडर किया है और पुलिस कोई कारवाई नहीं कर रही है।

## 29 वॉ उद्भव सांस्कृतिक सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह संपन्न।



**नई दिल्ली।** 20 नवंबर 2024 देश की प्रतिष्ठित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था "उद्भव" द्वारा नयी दिल्ली के त्रिवेणी सभागार में आयोजित उद्भव सांस्कृतिक सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के.जी.बालकृष्णन, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विश्व हिन्दू परिषद् के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप राय, अमेरिका से वरिष्ठ हिंदी सेवी इंद्रजीत शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ.अरुण प्रकाश ढौंडियाल, शिक्षाविद् एवं लेखक डॉ.अशोक पांडेय ने सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिनव रघुवंशी(ए.ओ.आर.)की कृति "क्लासरूम टू कोर्ट रूम का" लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्भव सम्मानों की श्रृंखला में हंसराज कॉलेज, दिल्ली की प्राचार्या शिक्षाविद् प्रोफेसर रमा, महाराजा अग्रसेन कॉलेज,दिल्ली के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार तिवारी, तथा वरिष्ठ व्यंग्यकार सुभाष चंदर को "उद्भव शिखर सम्मान" से अलंकृत किया गया। इसी क्रम में उद्भव सांस्कृतिक सम्मान-2024 से अलंकृत होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों में रोहतकपी.जी.आई. की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. पुष्पा दहिया, हे.नं बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्याल,श्रीनगर की सोशियोलॉजी एवं समाजकार्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.किरण डंगवाल, लंदन आगेर्नाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट की निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. परिन सोमानी, दिल्ली सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग के विशेष सचिव डॉ. श्रवण बागड़िया, कैलाश दीपक हॉस्पिटल दिल्ली में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष गर्ग, निमार्ता निर्देशक एवं आर्ट क्रिएशंस कल्चर सोसायटी दिल्ली के अध्यक्ष नरेश बैसला, प्राइमस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दिल्ली के विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत जैमिनी, अधिवक्ता एवं समाजसेवी शिव प्रसाद जायसवाल तथा शिक्षाविद्-कवि अवधेश तिवारी प्रमुख थे। इस महत्वपूर्ण वैचारिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का संचालन "उद्भव" के महासचिव-कवि डॉ. विवेक गौतम ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने कहा कि सार्थक कार्यों और सम्मानों का गहरा अंतसंर्बंध है। मनुष्यता को श्रेष्ठ आचरण, साहित्य और सांस्कृतिक चेतना से ही बचाया जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में न्यायमूर्ति के.जी.बालकृष्णन ने कहा कि व्यक्ति का मूल्यांकन अपने कार्य क्षेत्र, निजी जीवन तथा मानवीय मूल्यों के आधार पर होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक पांडेय, डॉ.अरुण प्रकाश ढौंडियाल, प्रदीप राय, अमेरिका से पधारे इंद्रजीत शर्मा, लोकार्पित किताब के लेखक अभिनव रघुवंशी तथा डॉ.रमा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मोदी दो दिवसीय यात्रा पर गुयाना पहुंचे, राष्ट्रपति ने अगवानी की, जगह जगह भव्य स्वागत।



**डॉ. समरेन्द्र पाठक**
**वरिष्ठ पत्रकार।**

**जार्जटाउन/नयी दिल्ली 20 नवंबर 2024 (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुयाना की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जॉर्जटाउन पहुंचे। यह 56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा है। नयी दिल्ली में जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार हवाई अड्डे पर श्री मोदी के आगमन पर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मार्क एंथनी फिलिप्स ने उनका गर्मजोशी से अगवानी की और फिर औपचारिक स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में गुयाना सरकार के एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्री भी शामिल थे। होटल पहुंचने पर श्री मोदी का स्वागत गुयाना के राष्ट्रपति अली के साथ-साथ बारबाडोस के प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली और ग्रेनेडा के प्रधानमंत्री डिकॉन मिशेल ने भी किया। प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय समुदाय और भारत-गुयाना प्रवासी समुदाय की ओर से भी जोरदार स्वागत किया गया। जॉर्जटाउन के मेयर ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में उन्हें शहर की चाबी सौंपी। एल.एस.

## अरविंद केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा, कर डाली ये मांग

**दिल्ली।** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनके खिलाफ आरोप दायर करने की अनुमति दी थी। ट्रायल कोर्ट ने पहले ईडी को केजरीवाल और अन्य पर उत्पाद शुल्क नीति के कार्यान्वयन से जुड़े एक कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। केजरीवाल की कानूनी टीम का तर्क है कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और उनका उद्देश्य ईडी की कार्रवाई के संबंध में अदालत से राहत मांगना है। इस मामले पर जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने इस आधार पर ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय से निर्देश मांगा कि विशेष न्यायाधीश ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए किसी मंजूरी के अभाव में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था। लोक सेवक जब अपराध कथित तौर पर किया गया था। 12 नवंबर को उच्च न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती देने वाली केजरीवाल की एक अन्य याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले में इस स्तर पर निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी थी। उन्हें शीर्ष अदालत ने 13 सितंबर को सीबीआई मामले में जमानत पर रिहा कर दिया था।

## दिल्ली सोलर पोर्टल के जरिए राजधानी में घर बैठे रूफटॉप सोलर लगवा सकेंगे लोग, सीएम आतिशी ने किया पोर्टल लांच

### दिल्ली सोलर पोर्टल एक सिंगल विंडो सॉल्यूशन जिसपर सोलर पैनल लगवाने के लिए सभी जानकारी उपलब्ध है-सीएम आतिशी




**नई दिल्ली।** 20 नवंबर मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को दिल्ली सोलर पोर्टल को लांच किया। इसके जरिए राजधानी में लोग अब दिल्ली सोलर पॉलिसी का लाभ उठा सकेंगे और 400 यूनिट से ज्यादा बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं का बिल भी जीरो आएगा। दिल्ली सोलर पोर्टल एक सिंगल विंडो सॉल्यूशन है, जिसपर सोलर पैनल लगवाने के लिए सभी जानकारी उपलब्ध है। पोर्टल से सोलर पैनल लगाने से लेकर सरकार से सब्सिडी पाने तक लोग घर बैठे एक क्लिक के जरिए सभी सुविधा पा सकें। दिल्ली सोलर पोर्टल एक सिंगल विंडो सॉल्यूशन जिसपर सोलर पैनल लगवाने के लिए उपलब्ध सभी जानकारी पोर्टल लांचिंग के मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, "आज हम दिल्ली सोलर पोर्टल लांच कर रहे है। उन्होंने पोर्टल का यूआरएल http://solar.delhi.gov.in साझा करते हुए कहा कि, दिल्ली में रहने वाला कोई भी व्यक्ति यदि अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाना चाहता है, उसके लिए दिल्ली सोलर पोर्टल एक सिंगल विंडो सॉल्यूशन है, जिसपर सोलर पैनल लगवाने के लिए जरूरी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। सोलर पैनल लगाने से लेकर सरकार से सब्सिडी पाने तक लोग घर बैठे एक क्लिक के जरिए सभी सुविधा पा सकेंगे उन्होंने साझा किया कि, लोग इस पोर्टल पर जाकर दिल्ली सोलर पॉलिसी के बारे में, रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लाभ, लोग किस तरह से सब्सिडी का लाभ उठा सकते है। पोर्टल पर इम्पेनल्ड वेंडरों और पैनल लगाने में आने वाले खर्च के विषय में भी जानकारी ले सकेंगे और घर बैठे ही सोलर पैनल लगवा सकेंगे। साथ ही नेट मीटरिंग और सरकार से मिलने वाली सब्सिडी के लिए भी लोग बिना किसी दफ़्तर के चक्कर लगाए पोर्टल से ही आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर मौजूद सोलर कैलकुलेटर से जानें, आपकी छत से कितनी सोलर ऊर्जा हो सकती है उत्पन्न सीएम आतिशी ने साझा किया कि, पोर्टल पर मौजूद सोलर कैलकुलेटर के जरिए लोग अपने छत के आकार के डेटा के जरिए ये जान सकेंगे कि उनके रूफटॉप से कितनी सौर ऊर्जा उत्पादित हो सकती है उसके लिए कितने किलोवाट के पैनल लगाने होंगे और पैनल लगाने में कितना खर्च आएगा। सीएम आतिशी ने कहा कि, "दिल्ली सरकार हमेशा साफ और प्रदूषण न फैलाने वाले ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने की दिशा में प्रतिबद्ध रही है। दिल्ली देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जिसनें अपने सभी थर्मल पॉवर प्लांटों को बंद किया ताकि दिल्ली में रहने वाले लोगों को प्रदूषण का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि, "इस दिशा में आगे बढ़ते हुए दिल्ली सरकार ने 14 मार्च 2024 को दिल्ली सोलर पॉलिसी को लांच किया था। इस सोलर पॉलिसी के जरिए दिल्ली सरकार का लक्ष्य 2027 तक दिल्ली में इस्तेमाल होने वाली 25% ऊर्जा की खपत की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो। इस दिशा में दिल्ली की बिजली कंपनियों आने वाले तीन सालों में 3750 मेगावाट सोलर पॉवर का पॉवर पर्चेज एग्रीमेंट करेंगी। साथ ही 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन दिल्ली में घरों, दफ्तरों की छतों पर रूफटॉप सोलर के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम पहले ही शुरू कर दिया है। जिसके तहत दिल्ली सरकार की हर बिल्डिंग की छतों पर रूफटॉप सोलर लगाए जाएँगे। 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत पर भी कैसे जीरो आए बिजली का बिल? इस सवाल का जबाव दिल्ली सोलर पॉलिसी सीएम आतिशी ने कहा कि, "दिल्ली में लोगों को 200 यूनिट तक फ्री बिजली और 400 यूनिट तक सब्सिडी मिलती है। लोगों का आमतौर पर सवाल होता है कि, उनका क्या जो 400 यूनिट से अधिक बिजली का इस्तेमाल करते है? दिल्ली सोलर पॉलिसी उनके सभी सवालों का जबाव है। इस पॉलिसी के जरिए 400 यूनिट से ज्यादा बिजली खपत करने पर भी लोग जीरो बिजली का बिल पा सकते है।

## विवादित एक्स पोस्ट के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह

**दिल्ली।** कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के विवादित एक्स पोस्ट के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का बुधवार को आग्रह किया। चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में क्षेत्रीय स्वायत्तता की वकालत थी। हालांकि, इस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया था। खरगे को भेजे पत्र में मणिपुर कांग्रेस के नेताओं ने कहा, हम मणिपुर संकट को लेकर चिदंबरम के एक्स पोस्ट की सामग्री की सर्वसम्मति से निंदा करते हैं। पत्र में कांग्रेस नेताओं ने जातीय हिंसा से प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य की एकता और अखंडता के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और खरगे से चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री इकबाल सिंह लालपुरा जी के साथ लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक लोकतंत्र की शान की टीम ने अल्पसंख्यक समुदाय के ज्वलंत मुद्दों पर खास बातचीत की प्रस्तुत है मुख्य अंश।

**सना की रिपोर्ट**

-------------------

**नई दिल्ली।** कमीशन की अभी तक की क्या उपलब्धियां रही है?

सन 1978 से 1979 श्री मुरार जी देसाई की सरकार थी उसे समय यह निर्णय लिया गया अल्पसंख्यकों के दिलों में सुरक्षा की भावना और विश्वास पैदा हो वह अपने आप को सुरक्षित महसूस करें।

अल्पसंख्यक समुदाय के दिलों में डर की भावनाएं हैं वह खत्म कैसे हो?

डर बेचा जाता है कुछ लोग जो डर बेचने का काम कर रहे हैं वह अपने कार्य में कभी सफल नहीं होंगे परंतु मोहब्बत और प्यार का बांटना चाहिए और हर समुदाय को एक साथ टेबल पर बैठकर बात करना चाहिए।

मॉब लिंचिंग की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हो गई है इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

देखिए जो क्रिमिनल एलिमेंट है 2% है यह लालच के लिए करते हैं यह एक मानसिक बीमारी है जिसकी वजह से करते हैं अब देखिए अमेरिका के स्कूलों में गोलियां चलाकर 10 10 लोगों को मार रहे हैं हम भारत की बात कर रहे हैं जहां तक मेरा मानना है कुछ लोग डर बेचते हैं मगर प्यार नहीं बेचते हम कम्युनिटीज को बात कर बाटकर वोट ना मांगे विकास पर वोट मांगे जो कार्य किए हैं वह दिखाएं जैसे अल्लामा इकबाल ने कहा था सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।

भारत में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश एवं राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सभी बने हैं?

अगर आप अल्पसंख्यक समुदाय से हैं तो आपको किसी भी क्षेत्र में जाने से नहीं रोका जाता है आप शिक्षा ग्रहण करें हर क्षेत्र में जाएं और उन्नति करें किसी ने नहीं रोका है आप हर क्षेत्र में जाएं और अपनी प्रतिभाएं दिखाएं।

वक्फबोर्ड पर आपका क्या कहना?

यह सेवा है यह डोनेटेड पैसा है जकात का पैसा है दान का पैसा है जो धर्म के लिए इस्तेमाल होना चाहिए इसका जो प्रॉपर्टी है उसका इस्तेमाल कैसे हो यह कम्युनिटीज को देखना है जकात का जो पैसा है ऐसा कहीं नहीं लिखा है यह पैसा सिर्फ मुसलमान के लिए है

यह पैसा सभी के लिए है जिसके लिए जे.पी.सी काम कर रही हैं और इसमें सभी को अपना पक्ष रखना चाहिए।





# भारतीय किसान संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** बुधवार को भारतीय किसान संघ अमरोहा की एक मासिक पंचायत नगर की नवीन मंडी स्थल परिसर में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी हसनपुर के कार्यालय पर दिया गया, ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जिसमें विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते घरेलू मीटर से अधिक बिल निकल रहे हैं शीघ्र जांच करा कर ठीक कराए जाने की मांग की गई, वहीं किसानों की जमीनों का अंश बंटवारा लेखपालों द्वारा फर्दो में गलत तरीके से दशार्या गया है मांग है कि गांव में कैंप लगाकर शीघ्र ही ठीक कराया जाए, उधर चीनी मिल को चालू हुए एक माह होने वाला है परंतु अभी तक सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है अतः मांग है कि गन्ने का मूल्य ?500 प्रति कुंतल घोषित किया जाए, उधर एक अन्य मांग में भारतीय किसान संघ ने आरोप लगाते हुए कहा है कि आपूर्ति विभाग द्वारा आनेको पात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड से यूनिट को काट दिया गया है अतः जांच करा कर ठीक कराए जाए तथा यूनिट काटने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, वही तहसील हसनपुर के गांव गंगाचोली मिलक में लगभग आधा किलोमीटर की परिधि में मुख्य सड़क पर जल भराव की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है तथा समस्या का समाधान करा कर नागरिकों को इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए, एक अन्य समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहा गया है कि गत वर्षो में विकासखंड हसनपुर से किसानों द्वारा लिए गए बीजों पर मिलने वाला अनुदान काफी समय से किसानों के खाते में नहीं पहुंचा है अतः शीघ्र ही अनुदान किसानों के खाते में पहुंचाया जाए, बैठक में मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, मनवीर सिंह, ओमवीर सिंह, मित्र पाल सिंह, संजीव सिंह, कल्लू सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, महिपाल सिंह, कलुआ, सतपाल, रोहतास सिंह, अशोक कुमार, जसवीर सिंह, चौधरी कर्मेंद्र सिंह आदि सहित दर्जनों भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन शंकर ने आज होने वाली बैठक में अधिकारियों के पहुंचने को लेकर दिया ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकताओं ने आज गुरुवार को होने वाली पंचायत में विभिन्न संबंधित अधिकारियों के पहुंचने को लेकर वह समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी कार्यालय पर दिया, जिसमें उप जिला अधिकारी कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन शंकर की आज गुरुवार को 11:00 बजे होने वाली पंचायत में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड हसनपुर, उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण खंड प्रथम, द्वितीय, व तृतीया के पहुंचाने तथा खाद्य अधिकारी हसनपुर के पहुंचने एवं अधिशासी अभियंता जल निगम हसनपुर की उपस्थिति तथा चकबंदी अधिकारी हसनपुर की उपस्थिति वह जनरल मैनेजर हसनपुर चीनी मिल के पहुंचने की उपस्थिति की प्रबल मांग करते हुए ज्ञापन दिया है, वहीं समस्याओं में ग्रामीण फीडर पर सिंचाई हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक करते हुए घरेलू फीडर पर रात में विद्युत आपूर्ति कराई जाए, वही खूंखार कुत्ते बंदर आवारा पशुओं गोवंश पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाए जाने की भी मांग की गई, उधर एनपीके व डीएपी लेने पर नैनो यूरिया की सीसी ना थोपी जाने व रवि की फसल बुवाई हेतु एनपी वह डीएपी की बड़ी किल्लत बनी हुई है किशान मारा मारा फिर रहा है सभी सहकारी समितियो पर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, एवं तहसील के सभी किसानों की खतौनियों का अंश निर्धारण व त्रुटियों को यथाशीघ्र समाधान कराया जाए, ज्ञापन देने वालों में चौधरी धर्मवीर सिंह, प्रधान हरि सिंह, एडवोकेट डॉक्टर मुंसाद, राजपाल सिंह, ओवैस चौधरी, मदन सिंह, भारत राम सैनी, राकेश लाल आदि मौजूद रहे।

# निबंध मित्र योजना लागू न करें सरकार : गंगा शरन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी की अध्यक्षता तथा महासचिव सुरभित गुप्ता के संचालन में बैठक का आयोजन किया गया । अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए उ. प्र. सरकार द्वारा निबंधन मित्रों की नियुक्ति के प्रस्ताव को अधिवक्ता विरोधी बताते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की । अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी ने इस निर्णय को अनुचित बताते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की । पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि इस निर्णय को लागू करने से अधिवक्ताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने कहा कि सरकार का यह प्रस्ताव अधिवक्ता विरोधी है तथा स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। पूर्व अध्यक्ष सुबोध शर्मा, दिनेश गुप्ता, पूर्व महासचिव बिजेंदर गहलोत, राजीव शर्मा, नासिर अली ने भी निबंधन मित्रों की नियुक्ति के प्रस्ताव का विरोध करते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की । बैठक में इस प्रस्तावित योजना का पूर्ण विरोध करने, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की भी मांग दोहराई गई तथा गाजियाबाद प्रकरण में आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया । बैठक में अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी, महासचिव सुरभित गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी व महीपाल सिंह,गजेन्द्र सिंह, शिवचरन सिंह,श्यौराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, सुनील भटनागर,विनोद सक्सेना, वीर सिंह,नरेश पाल सिंह,सुबोध शर्मा, आफताब आलम, विजेंद्र गहलोत, वीर सिंह त्यागी, राजीव शर्मा, विशाल शर्मा, नुसरत अली,परवेज अहमद, मौ. नौशाद, विनीत कुमार,ओमपाल कोहली आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोरी का हत्यारा किया गया गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**



**लखनऊ।** दिनांक 18.11.2024 थाना गोसाईगंज को क्षेत्र के ग्राम भटवारा में नहर के किनारे एक युवती उम्र करीब 17 वर्ष के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया एवं फोरेन्सिक टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किये गये। उच्चाधिकारीगणों द्वारा भी घटनास्थल का निरक्षण कर मृतका के पिता की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना गोसाईगंज पर मु०अ०सं० 506/2024 धारा 103(1) भा.न्या.सं. पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा कुल 03 टीमों का गठन किया गया, जिसमें सर्विलांस सेल पुलिस उपायुक्त दक्षिणी को भी लगाया गया। इन टीमों द्वारा टेक्निकल एवं भौतिक साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त मो० अजीज पुत्र मो० आलम निवासी यशोदा मार्केट कटरा बक्कास थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष को हिरासत में लिया गया। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कि मृतका के पिता व अभियुक्त मो० अजीज साथ में मिलकर जानवरों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे, अभियुक्त मृतका के घर पर रहकर जानवरों की देखरेख करता था। इसी दौरान अभियुक्त की जान-पहचान मृतका से हो गयी थी। अभियुक्त मो० अजीज पहले से शादीशुदा था एवं अपने परिवार से सन्तुष्ट नहीं था और वह मृतका को भगा ले जाकर उससे शादी करना चाहता था। अभियुक्त के द्वारा पूछताछ में यह बताया गया कि पिछले एक महीने से मृतका उससे ठीक से बात नहीं कर रही थी और उसे शंका थी कि मृतका किसी और से बात करने लगी है। फिर दिनांक 17.11.2024 की रात्रि को अभियुक्त के द्वारा मृतका को भगा ले जाने के उद्देश्य से गांव के बाहर इन्हिरा नहर पटरी के पास बुलाया गया था और उसके द्वारा मृतका से मुम्बई भाग चलने की बात कही गयी थी किन्तु मृतका के द्वारा उसके साथ जाने व शादी करने से मना करने पर अभियुक्त के द्वारा गुस्से में आकर अपने गमछे से मृतका का गला कसकर उसकी हत्या कर दी गयी। अभियुक्त को 19.11.2024 की रात्रि को बेली अण्डर पुल के पास से गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए साक्ष्यों के आधार पर धारा 65(1) भा.न्या.से. एवं पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है। आलाकत्ल गमछा रंग सफेद,एक एण्ड्रायड मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी रंग काला, नगद 20,200/- रुपये बरामद हुए। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में, सर्विलांस टीम साउथ जोन सहित,थाना गोसाईगंज निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 अजीत पाण्डेय,उ0नि0 दयाराम साहनी, हे0का0 मंजीत सिंह,उ0नि0 भारत कुमार यादव, का0 सुनील कुमार,उ0नि0 मनिन्दर सिंह,का0 रवीन्द्र कुमार, दिनेश कुमार,का0 अंशू शामिल रहे।

# चंदनपुर चीनी मिल ने 5 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का किया भुगतान

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/चंदनपुर।** क्षेत्र की अग्रणी चीनी मिल त्रिवेणी शुगर मिल की इकाई चंदनपुर चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2024 /25 का शुभारंभ जहां 4 नवंबर 2024 को विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया था वहीं चीनी मिल चंदनपुर द्वारा पराई सत्र 2024/ 25 में क्रय केदो पर 3 नवंबर से ही गन्ने की खरीद का कार्य प्रारंभ हो गया था तथा चीनी मिल द्वारा 3 नवंबर से 5 नवंबर तक खरीदे गए समस्त 101730.22 कुङ्क गन्ने का भुगतान 371.66 लाख रुपए समिति के माध्यम से कृषकों के बैंक खाते में भेज दिया गया है, इस प्रकार नए वर्तमान पेराई सत्र 2024/ 25 के भुगतान की शुरूआत कर दी गई है और आगे भी समय से भुगतान किया जाता रहेगा, इस संबंध में चीनी मिल के उपाध्यक्ष शुगर अमोद कुमार शर्मा ने वार्ता के क्रम में अवगत कराया कि गत पेराई सत्र में चंदनपुर चीनी मिल द्वारा 91.07 लाख कुंतल गन्ना खरीद किया गया था जिसका समस्त भुगतान कर दिया गया था, इस वर्ष 104 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है जो सभी किसान भाइयों के सहयोग से प्राप्त किया जाएगा, उन्होंने बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान में चीनी परता की प्रमुख भूमिका है और वर्तमान में 8.85 प्रतिशत का चीनी परता प्राप्त हो रहा है इसलिए उन्होंने सभी कृषक भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि चीनी मिल को साफ, ताजा, जड़ ,पत्ती, अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने में अपना सहयोग प्रदान करें जिससे चीनी मिल गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी समय से गन्ना भुगतान करती रहे, इसके अतिरिक्त उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपना गन्ना ओने पोने दामों में इधर-उधर ना डालें आपका समस्त पेराई योग्य गन्ना लेने हेतु चीनी मिल द्दढ़ संकल्प है, वही अमोद कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि गन्ना प्रजाति कोङ्क 0238 में रेड राट लाल सड़न जैसी भयंकर बीमारी आ गई है जिसकी वजह से कृषक भाइयों को उपज के रूप में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और चीनी को अभी पर्याप्त चीनी परता भी प्राप्त नहीं हो रहा है, इसलिए सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि कोङ्क 238 की आपूर्ति के समय रेड राट व अन्य बीमारी से ग्रसित गन्ने की छटाई कर अपने खेत में ही अलग कर दें तथा तथा रोग मुक्त गन्ने की आपूर्ति चीनी मिल में करके चीनी मिल का सहयोग करें ताकि समय से चीनी मिल प्रबंधन गन्ने का भुगतान समय से कर सके, तथा गन्ने की छिलाई दरती से कर चीनी मिल को साफ ताजा, जड़, पत्ती वह रोग रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा चीनी मिल प्रबंधन द्वारा बताई गई को0 238 के स्थान पर को.118, को. 98014, को.15023, को. जा.85 एवं को. जा. 88 की बुवाई करें और गन्ने की हरी पत्तियां न उतारे।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर समागम 2024 समिट का आयोजन

## एक ऐसी दुनियां बनाएं जहां वंचित बच्चे भी देख सकें सपने-शिव प्रताप शुक्ल

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**




**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर बीस नवम्बर को गोमतीनगर स्थित होटल ताज में समागम समिट 2024 का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी वर्चुअल माध्यम से खेलों में वंचित बच्चों की प्रतिभागिता को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर खेल मैदानों के विकास के लिए लोगों को आगे आना होगा। प्रदेश सरकार इसमें हरसंभव सहयोग करेगी। अधिकाधिक खेल मैदान बच्चों के लिए ढेर सारे अवसर उपलब्ध कराएंगे।समिट में पहुंचीं प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने बच्चों के उत्थान के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। समिट में पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी और बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सक्रिय प्रतिभागिता करते हुए ठोस कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। इस मौके पर सरकारी विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं और सीएसआर प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्राम पंचायत विकास योजना में बाल अधिकार संरक्षण और खेलों के जरिये बच्चों और युवाओं के विकास के मुद्दे पर मंथन किया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आयोजक संस्था सेफ सोसाइटी और सभी प्रतिभागी प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए उद्घाटन सत्र में कहा कि बच्चे राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला हैं। हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने, सीखने और समान रूप से जीने का अवसर मिले। ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में बाल अधिकारों के संरक्षण से जमीनी स्तर पर बच्चों की सुरक्षा का एक परिवर्तनकारी द्दष्टीकोण विकसित होगा। खेलों के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी द्दष्टिकोण की चर्चा करते हुए कहा कि वंचित समुदाय के बच्चों को बहुत संभालने की आवश्यकता है। जाति, लिंग आदि की बाधाओं को तोड़ कर बच्चों के विकास का अवसर उपलब्ध करवाने की जरूरत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अपराध और नशे से बचाने के लिए उन्हें खेलों से जोड़ने की आवश्यकता है। मलिन बस्तियों में इस संबंध में विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बच्चों के चतुर्दिक विकास के लिए प्रयासरत है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और उनके विकास को लेकर निरंतर प्रयत्नशील है। पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निःसंदेह बच्चों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करेंगे। ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की बाल संरक्षण प्रबन्धक पूजा कंडुला ने बच्चों के उत्थान के अपेक्षित प्रयासों के बारे में बात की और सामुदायिक सहयोग की महत्ता पर प्रकाश भी डाला और पैनल डिस्कसन में हिस्सा लिया। मुख्य आयोजक संस्था सेफ सोसाइटी के निदेशक विश्व वैभव शर्मा ने बताया कि ग्रामीण भारत और खेलों की दुनिया में बाल अधिकार संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर आयोजित इस समिट में आगामी कार्ययोजना तैयार की गई है । प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इन प्रयासों को सामूहिक उत्तरदायित्व, बेहतर समन्वय और साझा प्रयासों से सफल बनाने के क्रम में ही इस समिट का आयोजन किया गया। इस मौके पर बेसिक उत्थान एवं सेवा संस्थान के बच्चों ने बाल विवाह की कुरीति पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। अर्जुन और लक्ष्मण अवार्ड विजेता धावक गुलाब चंद्र पटेल, यूएन एसडीजी अवार्ड विजेता व एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर पैराथलीट सुवर्णा राज और अन्तर्राष्ट्रीय किक बॉक्सर रिंका सिंह को सम्मानित भी किया गया। खेल विभाग के उप निदेशक एसएस मिश्रा और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखिलेश सिंह ने प्रस्तुति के जरिये प्रदेश के परिद्दश्य पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या, एनएसजी-ईवीएसी के अध्यक्ष संजय गुप्ता, दी सीएसआर यूनिवर्स से रुचिका कुमार, श्वेत के पदाधिकारी डॉ विवेक मिश्रा, सेफ सोसाइटी संस्था से बृजेश मणि मिश्रा, बृजेश चतुवेर्दी, अभिषेक पाठक, सोनिका खरवार, शैलेंद्र चतुवेर्दी समेत विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी और सीएसआर प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन इशा राय और डॉ मुस्तफा खान ने किया।

# शराब बिक्री की टाइमिंग बढ़ाने की मांग

**लोकतंत्र की शान /ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा)**



**लखनऊ।** शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन ने बुधवार को प्रेस क्लब में कई मुद्दों को लेकर प्रेस वार्ता की। संगठन के अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने बियर के कोटे का विरोध किया। इसके साथ ही अंग्रेजी शराब में 45 से 55% कोटे की मांग की। एसपी सिंह ने कहा कि 14 नवंबर को आबकारी आयुक्त से वर्ष 2025 और 26 की नीतियों को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कई प्रस्ताव और सुझाव रखे। कोटे में नवीकरण की मांग की। जिसमें बियर के कोटे को कम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बियर में त्रैमासिक कोटा काफी ज्यादा है जिसके कारण व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज जायसवाल ने अंग्रेजी शराब पर 20% मार्जिन की मांग की। इसके साथ उन्होंने कहा कि जो अतिरिक्त कोटा बच जाता है उसको अगले दो माह में उठाने की समय सीमा बढ़ाई जाए। दिनेश जायसवाल ने शराब बिक्री के लिए एक घंटा अधिक समय बढ़ाने की मांग की।देसी शराब की सिक्योरिटी का बेसिक लाइसेंस फीस 10% लिए जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पी.ओ. एस मशीन ठीक से काम नहीं कर रही है जिसके चलते कई प्रकार की परेशानियां हो रही हैं। आबकारी विभाग को शराब विक्रेता संगठन की तमाम मांगों पर ध्यान देना चाहिए। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में हम लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**लोकतंत्र की शान /ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा )**



**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण और क्विज प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमोना पांडेय ने कहा- ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। निबंध लेखन में निकिता ने पहला, आयशा तारिक ने दूसरा और सीता श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सिमरन और सलोनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी प्रथम, सिमरन द्वितीय और पलक तृतीय स्थान पर रहीं। मुस्कान और दीपिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रश्नोत्तरी में नेहा कुमारी (नवयुग), स्नेहा द्विवेदी (गुरुनानक) और साक्षी सिंह (नवयुग) को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वाति और निकिता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**छात्राओं को किया जागरूक**

सुमोना पांडेय ने कहा- हिंदी भाषा हमारी धरोहर है। इसके प्रचार-प्रसार के हर संभव प्रयास होने चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की निदेशक रेनू द्विवेदी ने कहा- धरोहरों को सुरक्षित रखना हमारी आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में पुरातत्व निदेशालय से डॉ. राजीव त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र रस्तोगी, बलिहारी सेठ, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. अंबिका बाजपेई और डॉ. आभा पाल सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नवयुग महाविद्यालय की प्राचार्या मंजुला उपाध्याय ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं को धन्यवाद दिया।

# मां पाटेश्वरी के दरबार में सीएम योगी ने टेका मत्था



**बलरामपुर, 20 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां मां पटेश्वरी देवी के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। सीएम योगी यहां मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में ब्रह्मलीन महंत योगी महेंद्रनाथ जी महाराज की 24वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर श्री राम कथा के भव्य आयोजन में शामिल हुए। सीएम योगी अयोध्या से हेलीकॉप्टर द्वारा मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, भवनियापुर-तुलसीपुर में बने हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद वह शाम को देवीपाटन मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी और विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने उनका स्वागत किया। उन्होंने यहां बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से सीएसआर फंड से निर्मित मां पाटेश्वरी थारू (वनवासी) छात्रावास का लोकार्पण किया, साथ ही बच्चों में वस्त्रों का वितरण किया। इस अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स के अध्यक्ष विवेक सरावगी, बलरामपुर फाउंडेशन की न्यासी अवंतिका सरावगी, डीएम पवन अग्रवाल, एसपी विकास कुमार, एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीएम के आगमन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

# प्रदेश के पर्यटन स्थल को दीजिए वोट, सीएम ने अयोध्या से महाअभियान का किया शुभारंभ



**अयोध्या, 20 नवंबर।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के "देखो अपना देश- पीपल्स चॉइस 2024" को उत्तर प्रदेश पर्यटन महाअभियान के रूप में चला रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या से इसका शुभारंभ किया। 25 नवंबर 2024 तक चलने वाले इस कैंपेन में जनसामान्य से लेकर जनप्रतिनिधि और अफसर सहित अन्य लोग राज्य में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल को वोट देंगे। साथ ही, सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। यानी जितनी यहां की आबादी है उससे लगभग दोगुना पर्यटकों की संख्या। आंकड़े बताते हैं कि प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान बुद्ध की यह धरती देश में सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करती है। विदेशी पर्यटकों के आगमन में यह उपलब्धि हासिल करने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन स्थलों, सड़क के किनारे होटल, ढाबे, वैवाहिक स्थलों आदि में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही कनेक्टिविटी पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है।

# अंबाला

## समाधान शिविर में 11 शिकायतों का किया गया समाधान : सचिन गुप्ता



समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते अधिकारी।

अंबाला शहर, नवंबर : अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगर निगम में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन करके लोगों की समस्याओ का मौके पर ही समाधान किया जा रहा हैं। इस समाधान शिविर में 11 शिकायतों का मंगलवार को समाधान किया गया हैं। उन्होनें कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बुधवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी व नई आईडी बनवाने के लिए 20 लोगों ने आवेदन किए। इनमें से 11 आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। इन समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। इन शिविरों में सभी अधिकारी मौके पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते हैं। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनीत, डीएमसी दीपक सूरा के साथ-साथ नगर निगम के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## जीएमएन कॉलेज में नालसा योजना, 2021 पर विस्तार व्याख्यान आयोजित



विद्यार्थिओं को सम्बोधित करते प्रो जस्मिता हांडा

,अम्बाला छावनी, नवंबर : गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा आज कॉलेज प्रांगण में नालसा (विकलांग बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2021 पर एक विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस व्याख्यान में 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और कानूनी सेवाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन प्रो जस्मिता हांडा द्वारा कुशलता से किया गया एवं प्रो रीतिका ने तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुति और इंटरएक्टिव तत्वों को सहज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सत्र में छात्रों को नालसा योजना के तहत विकलांग बच्चों के लिए उपलब्ध कानूनी अधिकारों और सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। व्याख्यान में योजना की महत्वपूर्ण धाराओं और व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों ने इस कार्यक्रम को एक मूल्यवान शैक्षणिक अवसर बताया और अपनी कानूनी समझ को बेहतर बनाने के लिए इसकी सराहना की। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ ने भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## बोह में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा वाचक ने किया भगवान राम और कृष्ण जन्म का वर्णन



भगवन की लीलाओं का वर्णन करते व्यास प्रेम सागर पथिक।

.अम्बाला छावनी, नवंबर : कथा व्यास प्रेम सागर ह्लपथिकह्व ने राधा माधवमंडल, द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहे। भाई ह्लपथिकह्व जी का मंच पर पधारने पर भक्तों ने माल्यापर्ण कर भव्य स्वागत किया। उसके पश्चात ज्योति को प्रज्जवलित किया। भाई प्रेम सागर ह्लपथिकह्व ने कहा कि श्री राम मयार्दा पुरूषोत्तम है जो इनकी मयार्दाओं का पालन करेगा तो उसके मन का रावण मरेगा। काम के मरने पर ही परमात्मा कृष्ण पधारेंगे। जो रावण को काम को मार सकता है वही कृष्ण लीला का दर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें जगत में रहना है किन्तु जगत को अपने मन में जगत में बसाना नहीं है। पथिक ने कहा कि भगवा- श्री राम की लीलायें अनुकरणीय हैं और श्रीकृष्णकी लीलायें चिन्तनीय हैं। पथिक ने कहा कि नारी का भारतीय सभ्यता और संस्कृति में सम्मानीय स्थान है मगर आज भ्रूण हत्यायें की जा रही हैं। भ्रूण हत्या ब्रह्महत्या है, जघन्य पाप है। ब्रह्म हत्या करने वाले को भगवा- कभी माफ नहीं करते। कन्याओं की हत्या करोगे तो बहुयें कहाँ से लाओगे। इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धलु उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस भवन में मनाया देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व झांसी की रानी लक्ष्मी बाई का जन्मदिवस



कांग्रेस भवन में प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्मदिवस मनाते कांग्रेसजन।

अम्बाला छावनी, नवंबर : कांग्रेस भवन अम्बाला छावनी में विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेसी नेता परविंदर सिंह परी की अध्यक्षता में देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्मदिवस व झांसी की रानी लक्ष्मी बाई जी का जन्मदिवस सभी कांग्रेसजनो द्वारा अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया। परविंदर सिंह परी ने बताया कि इंदिरा गांधी भारत की पहली और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। उन्होंने भारत के लिए कई बड़े फैसले लिए और कई उपलब्धियां हासिल कीं। इंदिरा गांधी ने आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए आर्थिक सुधार लागू किए। उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे भारतीय बैंकिंग प्रणाली मजबूत हुई। उन्होंने हरित क्रांति की शुरूआत की, जिससे भारत के कृषि क्षेत्र में काफी बदलाव आया।उन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान से बातचीत करके युद्ध को खत्म किया। सुधीर जैसवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी जिन्हे भारत रत्न की उपाधि से भी नवाजा गया था उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों और हिंसा के खिलाफ अथक संघर्ष किया। इंदिरा गांधी को भारत की लौह महिला के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर अशोक दुआ, मस्तराम, संदीप वशिष्ट, अमन दीप शेरा, सतीश कनौजिया, ऑफिस इंचार्ज पंकज शर्मा, हिमांशु पुंज, गौरी शर्मा, संजीव धन्नी, नवजिंदर सिंह आदी मौजूद थे।

# दूध का सैम्पल मिला मिसब्रांड और खोए के सैम्पल की रिपोर्ट अनसेफ

### त्योहारों के सीजन में लिए 45 में से 12 सैम्पलों की पहुंची रिपोर्ट

**अम्बाला छावनी के बस स्टैण्ड से एक दुकान से फलैवर्ड दूध का सैम्पल मिला मिस ब्रांड**

अम्बाला छावनी,अंबाला शहर नवंबर : जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) डॉ. योगेश ने कहा कि त्योहारों के सीजन में अलग-अलग जगहों से खाद्य पदार्थो के 45 सैम्पल लिए गए थे। इनमें से 12 सैम्पलों की रिपोर्ट आ चूकी हैं। इन 12 सैम्पलों में से एक दूध का सैम्पल मिस ब्रांड पाया गया है, जबकि अम्बाला शहर से एक मिठाई विक्रेता से लिया खोए का सैम्पल अनसेफ पाया गया हैं। एफएसओ डॉ. योगेश ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन के आदेशानुसार लोगों के स्वास्थ्य को जहन में रखते हुए त्योहारों के सीजन में करीब एक माह पहले अम्बाला शहर और अम्बाला छावनी से खाद्य पदार्थो की अलग-अलग दुकानों से 45 सैम्पल एकत्रित किए गए थे। इन सैम्पलों के लिए जांच के लिए करनाल की लैब में भेजा गया था। इस लैब से अभी हाल ही में 12 सैम्पलों की रिपोर्ट आ चुकी हैं। इसमें से 2 सैम्पल फेल पाए गए हैं। इसके अलावा जल्द ही बाकी सैम्पलों की रिपोर्ट आने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी के बस स्टैण्ड पर एक दुकान नम्बर-3 फॉस्ट ईटिंग ज्वाइंट से फलेवर्ड दूध का सैम्पल लिया था। इस दूध के सैम्पल की रिपोर्ट मिस ब्रांड पाई गई हैं। इस ब्रांड पर जो अंकित किया गया था, वह मिस मैच था और लेबलिंग ठीक नहीं थी। इसके अलावा अम्बाला शहर में सन्नी मिठाई विक्रेता की दुकान से 4 सैम्पल खोए के, एक पनीर और दो सैम्पल रंगीन मिठाईयों के लिए गए थे। इसमें से खोए के 4 सैम्पलों में से एक सैम्पल अनसेफ पाया गया हैं। इन दुकानदारों को नोटिस जारी किया जाएगा और सुनवाई व जवाब के लिए एक माह का समय भी दिया जाएगा।

एफएसओ ने कहा कि दुकानदारों के जवाब के बाद दूबारा सैम्पलिंग ली जा सकती है और इन सैम्पलों को जांच के लिए नोएडा लैबोरैट्री में भेजा जाएगा। इस नोएडा लैब की रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी और स लैब की रिपोर्ट की फाईनल मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर अदालत में भी फैसला दुकानदारों के पक्ष में नहीं दिया तो कानून के अनुसार दोषी को छः महीने की सजा और तीन लाख रूपए जुमार्ने का प्रावधान रखा गया हैं।

## अंबाला मंडल में मनाया भगवान बिरसा मुन्डा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस



भगवान बिरसा मुन्डा की फोटो पर फूल माला अर्पित करते मंडल रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया।

अम्बाला छावनी, नवंबर : प्रधान कार्यालय के निदेर्शानुसार अंबाला मंडल में धर्ती आभा भगवान बिरसा मुन्डा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनजातिय गौरव दिवस मनाया गया। इस मौके पर मंडल कार्यालय, अंबाला छावनी में मंडल रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया के द्वारा दीप प्रोजोलित किया गया, अपर रेल मंडल प्रबंधक महोदय देवी सिंह मीणा, वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी सुखदेव सिंह तथा समस्त शाखाधिकारीगण कर्मचारियों द्वारा उनके फोटो पर फूल माला चढ़ाया गया। इस पावन मौके पर भगवन बिरसा मुंडा के द्वारा भारतीये स्वंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया गया । अम्बाला मंडल में इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका शीर्षक था भारत के स्वाधीनता संग्राम में जनजातियो की भूमिका । जिसमे रेल कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## द एस. डी विद्या स्कूल में दीवान रघुनाथ सहाय मेमोरियल स्पोर्ट्स लीग वार्षिक खेल उत्सव समारोह



वार्षिक खेल उत्सव के शुभारम्भ के दौरान प्राचार्या नीलइंदरजीत कौर संधू साथ अन्य।

अम्बाला छावनी, नवंबर : द एस. डी विद्या स्कूल अंबाला छावनी में दीवान रघुनाथ सहाय मेमोरियल स्पोर्ट्स लीग- वार्षिक उत्सव 2024 का आयोजन किया गया । इस अवसर पर छात्रों को अपनी क्षमताओं को खोजने और अपनी खेल क्षमताओं को बढ़ाने का अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न खेल कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं रखी गई । लड़कों के ताइक्वांडो मैच में ग्रेड चार के हर्षित राणा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि ग्रेड पांच के शौनक मित्तल और ग्रेड चार के मोक्षित ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के ताइक्वांडो मैच में ग्रेड पांच की कायरा पाठक प्रथम, ग्रेड तीन की अनायता और ग्रेड पांच की कृतिका क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस मैच श्रेणी तीन और पांच में, अरिकेत मौदगिल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि रेयान अग्रवाल और अर्शिता शंकर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। शतरंज श्रेणी तीन और पांच में, माहिरा ने पहला स्थान हासिल किया, दैविक ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि करियान और अवदेश ने क्रमशः तीसरा स्थान हासिल किया।

हैंडबॉल में, लड़कों के मैच में टीम अतुल कुमार और स्वर्गीय एविन खटकर के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें बाद वाले विजेता बने। लड़कियों के मैच में शील नीना की टीम का मुकाबला दीपा से रोमांचक मुकाबले में हुआ, जिसमें दीपा टींम ने जीत हासिल की।कप्तान पारसी के नेतृत्व में टीम ए ने स्वर्ण पदक और अंशिका के नेतृत्व में टीम बी ने रजत पदक अर्जित किया। विजेताओं को खेल विभाग द्वारा पदक प्रदान किये गये। निर्देशक प्राचार्या नीलइंदरजीत कौर संधू ने इस बात पर जोर दिया कि खेल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास दोनों के लिए आवश्यक हैं। विद्यालय के अध्यक्ष बी.के. के नेतृत्व में द एसडी विद्या स्कूल का प्रत्येक छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

## नशा व महिला सुरक्षा पर सरकार सख्ती से कार्रवाई करे और नारायणगढ़ की समस्याओं को जल्द पूरा करे : विधायक शैली चौधरी

- शैलीचौधरी ने नाराराणगढ़ के विकास के लिए मुख्यमंत्री से खास अनुरोध किया



नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी।।

नारायणगढ़ नवम्बरः विधानसभा शीतकालीन सत्र में नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी ने फैल रहा नशा,महिला सुरक्षा,बेरोजगारी,बेसहारा पशुओं ,नारायणगढ़ शुगर मिल के मुद्दो को लेकर विधानसभा में गरजी हरियाणा में फैल रहा नशा। नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी ने कहा कि इस समय हरियाणा में जो अहम मुद्दा हैं वह है नशा ,इस मुद्दे को लेकर चाहे विपक्ष हो या पक्ष में विधायक को जोरशौर से उठाना चाहिये। आज नशा जो सब से बडी बीमारी है वह हरियाणा में एक सब से बडी समस्या बन चुकी है। हरियाणा के नौजवान इस नशे की गिरफ्त में है। इस नशे से बहुत से परिवार बर्बाद हो चुके है। नशे के साथ नौजवान बर्बाद हो रहा है लेकर अपने जीवन से खिलवाड भी कर रहे है। इससे पुरे परिवार की बरबादी है। शादी के लिये हर लडकी के माता-पिता पुछते है की लड़का क्या करता है और नशा बगैरा तो नही करता।

लेकिन शादी के बाद पता चलता है कि लड़का तो नशा करता है इससे कई बार्बद हो जाते हैं इसपर खास कर केन्द्र व प्रदेश की सरकार को सख्त से सख्त कानून बनाये। महिला सुरक्षा पर उठ रहे सवाल विधायक शैली चौधरी ने कहा कि आज हमारी बहु -बेंटिया अपने आप को सुरक्षित महसूस नही कर रही। सरकार को इस तरफ भी ध्यान देने चाहिये । बेसहारा पशुओं की बडी समस्या विधायक ने कहा कि बहुत बडी समस्या है वह है बेसहारा प्शुओ की पहले भी इस समस्या रखी गई थी। यह बेसहारा पशु किसानों की फसले उजाड़ रहे है। दुसरा इनके कारण आये दिन सड़को पर दुर्घटनायें बढ रही हैं इसपर भी सरकार ध्यान करे। नारायणगढ़ विधानसभा की शुगर मिल,टुटी सड़के,अस्पताल,एडीसी समस्याएं । विधायक ने कहा कि हमारे विधानसभा नारायणगढ़ की बहुत सी समस्याए हैं जिन्हे मैं बार बार उठाती हैं । मैं अपने मुख्यमंत्री जी से आशा भी करती हूँ कि वह इन समस्याओ जल्द पुरा करगें। यहा एक नारायणगढ़ शुगर मिल हैं जिसमें किसानों की आये बारर पेमेंट की समस्या खडी रहती हैं अब नया गन्ना आयेगा मिल में तब जाकर पिछ्ली पेमेंट किसानों को मिलेगी। नारायणगढ़ नगरपालिका के अन्दर बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है वह है एनडीसी का ,जो लोग जमीन खरीदते है या बेचते है उनको एनडीसी नही दी जाती। लोग बार बार नगरपालिका के चक्कर काट रहे है। यहा तक मुख्यसमंत्री जी से निवेदन करूगीं कि वह खास कर नारायणगढ़ का विकास करवाये। उनका बहुत बहुत धन्यवाद करूगी।

# अंबाला में दरगाह का अतिक्रमण हटाया



अंबाला शहर के सेक्टर-७ स्थित बनी पीर की दरगाह पर हुए अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारी।



अंबाला शहर के सेक्टर-७ स्थित बनी पीर की दरगाह पर किए गए अतिक्रमण की कार्रवाई पश्चात बिखरा पड़ा मलवा।



अंबाला शहर के सेक्टर-७ स्थित बनी पीर की दरगाह पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करते हुए।

- अंबाला शहर के सेक्टर-7 के साथ लगती जमीन पर दरगाह शरीफ हजरत बाबा पीर बेहड़े शाह की दरगाह द्वारा किया गया था अतिक्रमण,
- उच्च न्यायालय के आदेशों पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



अंबाला शहर के सेक्टर-7 स्थित बनी पीर की दरगाह पर हुए अतिक्रमण को स्वयं हटाने का प्रयास करते दरगाह प्रबंधक के लोग।

अंबाला शहर, नवंबर, उच्च न्यायालय के आदेशों पर मंगलवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन के सामने बनी दरगाह शरीफ हजरत बाबा पीर बेहड़े शाह की दरगाह से हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए भारी पुलिस दल की तैनाती कर पीडब्ल्यूडी विभागीय अधिकारियों की टीम जब सेक्टर-7 पहुंची तो दरगाह के सेवादारों में हलचल हो गई। अचानक भारी पुलिस दल व जेसीबी मशीनें लेकर पहुंचे अधिकारियों से पहले सेवादारों ने पीर की दरगाह न तोड़ने के लिए आग्रह किया, मगर उच्च न्यायालय का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि दरगाह से हुए अतिक्रमण को हटाने के आदेश उच्च न्यायालय से जारी हुए हैं, जहां उन्होंने अतिक्रमण की कार्रवाई में सहयोग करने को कहा, मौके की परिस्थितियों को देखते हुए दरगाह सेवादारों ने अधिकारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की बात की, जिस पर अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने निशानदेही करते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दे दिए, मगर अतिक्रमण हटाने के लिए लगाए गए मजदूरों की संख्या में कमी होने पर विभागीय अधिकारियों ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने के आदेश दे दिए। दिन भर चली इस कार्रवाई में पीर की दरगाह के चारों ओर बनी ऊंची दीवार को तोड़ा गया, वहीं दरगाह के पीछे बने एक कमरे व आगे के हिस्से को तोड़ा गया, लेकिन शाम पांच बजे जब अधिकारी पीर की दरगाह के मुख्य हिस्से को तोड? लगे तो इसपर सेवादारों ने न तोड? की अपील की, मगर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने करीब 2 से 3 फीट का हिस्सा तोड? के लिए टीम को आदेश दे दिए है।

**अतिक्रमण को लेकर हिन्दू संगठनों ने जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता को सौंपा था ज्ञापन :** दरगाह शरीफ हजरत बाबा पीर बेहड़े शाह की दरगाह से हुए अतिक्रमण को लेकर बीते 4 नवंबर को कुछ हिन्दू संगठनों ने जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें बताया गया था कि अंबाला शहर के सेक्टर-7 के बिल्कुल साथ लगती जमीन पर पीर की दरगाह बनाई हुई है। जिस वजह से सेक्टर-9 की जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है। इस नाजायज कब्जे को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय न्यायालय इसकी डिमार्केशन करने के बाद कानूनी प्रक्रियाओं की पालन करते हुए नाजायज कब्जे को हटाने के आदेश दिए थे, जिसको अभी तक नहीं हटाया गया है। इसी कड़ी में गत दिवस अंबाला जिला के विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता समस्त हिंदू संगठनों के साथ पंचायत भवन के नजदीक अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर पूर्व निर्धारित एवं घोषित कार्यक्रम के अनुसार एकत्रित हुए थे।

**उच्च न्यायालय के आदेशों पीडब्ल्यूडी द्वारा पीर दरगाह प्रबंधकों को दिए गए थे अतिक्रमण हटाने के नोटिस :** पीर दरगाह के मामले में बीते 4 नवंबर को इस विषय पर उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए उपायुक्त कार्यालय से पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए जाने पश्चात पीडब्ल्यूडी द्वारा 6 से 7 नोटिस पीर दरगाह प्रबंधकों को दिए गए थे, परंतु उसके बाद भी इस पीर क्षेत्र के नाजायज हिस्से पर अतिक्रमण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मगर 4 नवंबर को दिए गए ज्ञापन के बाद बजरंग दल ने 12 नवंबर को अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर कार्यक्रम करने का संदेश पहले ही दे दिया था। जहां सभी ने सुबह 9 बजे से राज्य मार्ग पर कार्यकर्ता एकत्र होना शुरू हो गए थे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने राज्य मार्ग पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया था।

### पीर व मजारों के जरिए लैंड जिहाद की विचारधारा को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा : मंत्री महेंद्र शर्मा

**पीर** की दरगाह के मामले में मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की विचारधारा सेवा सुरक्षा एवं संस्कार की है। मगर जिस प्रकार से पीर और मजारों के जरिए लैंड जिहाद की विचारधारा को आगे बढ़ाया जा रहा है और जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं। इसको अंबाला जिला और हरियाणा प्रांत में बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने इस प्रकार से किए गए सभी नाजायज कब्जों को लेकर विशेष आंदोलन चलाया हुआ है और यह आंदोलन अंबाला जिला में नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश में चलाया हुआ है।

### अतिक्रमण न हटाने को लेकर पीर दरगाह प्रबंधकों ने न्यायालय को दिया था प्रार्थना पत्र

**अंबाला** शहर के सेक्टर-7 के मेन रोड पर बनी दरगाह शरीफ हजरत बाबा पीर बेहड़े शाह की दरगाह पर हुए अतिक्रमण के मामले को लेकर पीर दरगाह प्रबंधकों द्वारा जज अभिनव गर्ग की अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें कहा गया था कि पीडब्ल्यूडी द्वारा उन्हें जो अतिक्रमण हटाया गया है वह पूरी तरह से अनुचित है तथा इससे न हटाया जाए। जिस पर न्यायालय की ओर से अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया, मगर दूसरी ओर पहुंची पीडब्ल्यूडी विभाग टीम ने कार्रवाई पर संज्ञान लेने के लिए सभी प्रबंध कर लिए थे, विभागीय इंतजामों को देखते हुए सेवादारों ने कुछ समय बाद ही अतिक्रमण स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया था, वहीं इस मामले में एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि सेक्टर-7 के क्षेत्र में जितना भी अतिक्रमण किया गया है। संबंधित विभाग उसे तुरंत प्रभाव से हटाए, नहीं तो वह इस मामले को अदालत के समक्ष रखेगें।

## हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्गा शक्ति टीम ने चौड़मस्तपुर में आयोजित की पुलिस की पाठशाला

- छात्राओं व महिला शिक्षकों को महिला सुरक्षा व साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक



हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षकों अहम जानकारी देते पुलिस विभागीय दुर्गा शक्ति टीम के सदस्य।

अंबाला शहर, नवंबर, अंबाला जिला पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निदेर्शो अनुसार अंबाला जिला के विभिन्न निजी व राजकीय स्कूलों में अंबाला एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को दुर्गा शक्ति टीम अंबाला शहर ने एसजीएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौड़मस्तपुर क्षेत्र में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं व शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दुर्गा शक्ति टीम अंबाला शहर ने महिला सुरक्षा व साइबर अपराध बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी, वहीं डायल 112 एप्प के बारे भी छात्राओं व शिक्षकों को विस्तृत जानकारी देते हुए मौके पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। इस दौरान हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से जहां महिला सुरक्षा सहित यातायात नियमों के बारे में भी जागरूक किया गया कि कैसे हम अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा कर सकते हैं। इस मौके पर दुर्गा शक्ति टीम के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत छात्राओं व महिलाओं ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने, साइबर अपराध सहित विभिन्न प्रकार की अहम जानकारियां उपलब्ध करवाना मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान के तहत कई ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



**चित्रकूट।** कांग्रेस कैंप कार्यालय में आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि वह भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी और राजीव गांधी की मां थी जो देश के छठे प्रधानमंत्री के रूप में बनी उनका कुल 15 साल और 350 दिन का कार्यकाल उन्हें अपने पिता के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली प्रथम भारतीय महिला प्रधानमंत्री है देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को प्रयागराज में हुआ थां इंदिरा गांधी देश की ही नहीं अपितु पूरे विश्व की नेता थी इंदिरा गांधी देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया थांजिला सचिव विजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्सियत थी उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। बैठक में राकेश वर्मा, शिवगुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, अरुण गुप्ता, विजय मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।
जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की रोड सेफ्टी पर जो राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर जहां कट है वहां पर रंबल स्ट्रिप, सांकेतिक बोर्ड अवश्य लगवाया जाए मोहरवां पुल राजापुर को तत्काल ठीक कराया जाए पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात से कहा कि बड़े वाहनों पर वहां से आने-जाने के लिए रोक लगाई जाए,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए की देवांगना मार्ग पर जो अंतर्राज्यीय गेट का निर्माण कराया गया है वहां पर जो निर्माण सामग्री पड़ी है उसकी अच्छी तरह से साफसफाई कराई जाए तथा सरधुआ से जो अर्की रोड अत्यंत खराब है उसको भी ठीक कराया जाए।
बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण संतोष कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी डॉ रणवीर सिंह चौहान, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### मोबाइल ऐप के माध्यम से होगी फार्मर रजिस्ट्री



**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि भूमिधर किसानों की मोबाइल ऐप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कैम्प एवं जनसेवा केन्द्र से तैयार की जायेगी, जिसके लिये आधार लिकेंड मोबाइल नम्बर, खतौनी, आधार कार्ड की छायाप्रति की आवश्यकता होगी। आधार लिकेंड फार्मर रजिस्ट्री बनने से कृषकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिलेगी एवं कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण मे सुगमता प्रदान होगी। इसके साथ ही कृषकों को योजना का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। राजस्व ग्रामों में 25 नवम्बर से कैम्प के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री/गोल्डेन कार्ड तैयार कराने का अभियान चलाया जायेगा।

### एकीकृत बागवानी का किसान उठायें लाभ-प्रतिभा

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने कहा कि जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन वर्ष में मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत लहसुन व शाकभाजी बीज (लौकी, तरोई, करेला, पत्तागोभी, फूलगोभी, टमाटर) के संकर बीजो का निःशुल्क वितरण आनलाइन सूची के अनुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जा रहा है। पंजीकृत कृषक अपनी खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, फोटो व मोवाइल नंम्बर (जो चालू हालत में) को कार्यालय में जमा कर उन्नत किस्म के बीज कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### पुलिस ने 9 पर लगाया गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने गुंडागर्दी करने वाले अभियुक्त कल्लू पुत्र धर्मपाल, लवलेश पुत्र कल्लू, बाबू, इंद्रजीत पुत्र धर्मपाल निवासी बुद्धू का पुरवा कादरगंज, रघुराज पुत्र रामखेलावन, अखिलेश पुत्र रघुराज, नन्हाराम पुत्र रामखेलावन निवासी बक्टा बुजुर्ग, नंदकिशोर, छोटेलाल पुत्र राम सजीवन, मुन्नालाल पुत्र साधुराम, नत्थू, रज्जन पुत्र कल्लू, रामकिशोर पुत्र साधूराम, गोविंदा, अरविंद पुत्र मुन्नालाल के विरुद्ध धारा 129 बीएनएस की कार्यवाही की गयी।

### डा. बीके जैन राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित




**चित्रकूट।** जानकीकुंड चिकित्सालय निदेशक डा बीके जैन पुणे नेत्र सेवा प्रतिष्ठान द्वारा नेत्र सेवा के क्षेत्र में पाँच दशकों के अतुलनीय कार्य एवं योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित एक विशिष्ट समारोह में काइनेटिक ग्रुप ऑफकम्पनी के चेयरमैन अरुण फिरोदिया ने प्रदान किया। समारोह में आयोजक डॉ. मधुसूदन झामवर प्रेसिडेंट, डॉ.सतीश देसाई अध्यक्ष, डॉ.राजेश पवार सचिव, डॉ.पी.डी. पाटिल की उपास्थिति में दिया गया। कि डा जैन नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी एक अलग ही छाप बनाई है जिसके लिए वह राज्यीय, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सहित तमाम पुरस्कारों से देश के कोने कोने में सम्मानित किए गए। डा जैन नेत्र चिकित्सा क्षेत्र के साथ साथ सामाजिकता के क्षेत्र में भी अपनी अलग ही पहचान बनाई है वह हमेशा सबकी अनुशासित रहने की शिक्षा देते है और कहते है कि एक अनुशासित व्यक्ति जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता।

### जबलपुर के लिए रवाना हुए 90 किसान

**बांदा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रि सीरियलस) योजना अन्तर्गत राज्य के बाहर श्रीअन्न मोटा अनाज पर प्रशिक्षण के लिए जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश) के लिये जिले के 90 किसानो को राकेश बाजपेयी, समाजसेवी के नेतृत्व मे बस द्वारा रवाना किया गया। यह किसान जबलपुर में श्रीअन्न के बारे में तमाम जानकारियां हासिल करेंगे। इसके साथ ही श्रीअन्न की खेती के लिए अग्रसर होंगे। जिले के किसानो को पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय और विजय कुमार सिंह उप कृषि निदेशक चित्रकूट मण्डल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब हो कि पूर्व में राजकीय मेडिकल कालेज में श्रीअन्न मोटा अनाज के संबंध में गोष्ठी का आयोजन भी हो चुका है। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए शासन लगातार मद कर रहा है। इसलिए किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# किसी भी परमाणु हमले से बचाव के लिए विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को दिया जाए बचाव का प्रशिक्षण।

## नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए जाएं भूमिगत आपदा क्लिनिक।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**बेतिया।** सत्याग्रह भवन में विश्व बाल दिवस के अवसर पर फिलिस्तीन इजरायल युद्ध में लगभग 5000 से अधिक बेगुनाह शहीद हुए बच्चों के सम्मान में विश्व शांति सर्वधर्म प्रार्थना सभा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ,वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक डॉ शाहनवाज अली ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी परमाणु हमले से बचाव के लिए विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बचाव का प्रशिक्षण दिया जाए ,साथ ही नागरिकों की जान माल की हिफाजत के लिए भूमिगत आपदा क्लीनिक स्थापित किया जाए, जहां आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को स्थानांतरित किया जा सके। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ,डॉ अमित कुमार लोहिया, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक ने संयुक्त रूप से कहा कि अस्पतालों ,धार्मिक स्थलों, शरणार्थी शिविरों ,विद्यालयों एवं विश्वविद्यालय पर बमो से हमले जेनेवा कन्वेंशन एवंअंतरराष्ट्रीय कानूनो का घोर उल्लंघन है । दोषियों के विरुद्ध मानवता के विरुद्ध युद्ध अपराध एवं नरसंहार का मुकदमा चलाया जाए ताकि शहीद हुए बच्चों को न्याय मिल सके । जो शहीद हुए हैं,वे किसी भी परिस्थिति में बेगुनाहगार थे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूरी दुनिया में विश्व बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व बाल दिवस पहली बार 1954 में सार्वभौमिक बाल दिवस के रूप में मनाया गया था ।20 नवंबर




अंतराष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने ,विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने एवं उनके कल्याण के लिए सामाजिक स्तर पर जागृति लाने का प्रयास है। 20 नवंबर 1959 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया। 1990 से निरंतर 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के रूप में बड़े पैमाने पर मनाने जाने की वकालत संयुक्त सभा ने की।अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज बच्चों का जीवन असुरक्षित है ।विगत 4 वर्षों में कोरोना संक्रमण मानव जीवन को बदल के रख दिया ।विगत दिनों सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट,कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन, बचपन बचाओ आंदोलन एवं इनसे जुड़े अनेक संस्थाओं ने यह महसूस किया है कि बच्चों एवं बच्चियों का जीवन सुरक्षित नहीं है। भारत के सीमावर्ती राज्यों से भारत के बाहर बच्चों को देह व्यापार, बाल दुराचार, सीमा पार बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा जैसे अनेक घटनाएं हमे देखने में आई हैं ।यह आंकड़े चिंताजनक है। बच्चे एवं बच्चियां पर अनेक घरेलू हिंसा के मामले प्रकाश में आए हैं जो सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। इन घटनाओं को सामाजिक जागृति एवं जन चेतना के माध्यम से ही रोका जा सकता है। सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट,कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन, बचपन बचाओ आंदोलन एवं अनेक संस्थाएं बापू की कर्म भूमि बेतिया पश्चिम चंपारण में इस सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन लिए जन जागरण अभियान चला रही है। हम आशा करते हैं कि आने वाले दिनों में हम बापू ,कस्तूरबा गांधी, अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं अपने पुरखों के खुशहाल भारत एवं खुशहाल विश्व का सपना पूरा कर पाएंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी द्वारा107 वर्ष पूर्व 20 नवंबर 1917 को बेतिया पश्चिमी चंपारण के ऐतिहासिक भितिहरवा आश्रम में विद्यालय की स्थापना की थी। इस अवसर पर भारत छोड़ो आंदोलन 1942 में बेतिया पश्चिमी चंपारण जिले के दो अमर बाल शहीदों जगन्नाथ पुरी एवं भिखारी कोइरी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बिहार के बेतिया में भारत जोड़ो अभियान की बैठक

## भारत जोड़ो अभियान से जुड़े बेतिया के प्रगतिशील संगठनों के सक्रिय कार्यकर्ता एवं नेता।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**पश्चिम चंपारण।** पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय में भारत जोड़ो अभियान की बैठक बुधवार को शहर के मीनाबाजार स्थित रिक्शा यूनियन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के बुद्धिजीवी, किसान संगठन, मजदूर संगठन, वामपंथी संगठन, अंबेडकरवादी संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में वक्ताओं ने देश की मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग सिर्फ हिन्दू मुसलमान की राजनीति कर रहे हैं और पीछे से सभी कुछ अडानी को सुपुर्द कर रहे हैं । मंहगाई चरम सीमा पर है , बेरोजगारी पिछले कई दशकों में सबसे ज्यादा है, गरीबी और पलायन से बिहार त्रस्त है पर राजनीति जाति धर्म के नाम पर हो रही है। इस राजनीति को हराना होगा और संवैधानिक मूल्यों को पुनः स्थापित करना होगा। इसलिए भारत जोड़ो अभियान पूरे बिहार में 2025 के चुनाव के लिए काम करेगी। आज कि इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान द्वारा आने वाले 08 दिसंबर को पटना में आयोजित राज्य सम्मेलन में बेतिया के प्रतिनिधि भाग लेंगे और यहां कि समस्या पर अपनी बात भी रखेंगे। अभियान के प्रतिनिधि शाहिद कमाल, कामायनी स्वामी और ऋषि आनंद ने जानकारी दी कि अभियान द्वारा आयोजित राज्य सम्मेलन में देश के जाने माने राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव सहित देश के कई जाने माने बुद्धिजीवी शामिल होंगे। इस तैयारी बैठक में 25 के चुनाव में बूथ स्तर पर कार्य करने, गाँव गाँव में दस्ता बना कर सामाजिक मुद्दों पर काम करने और चुनावों में सामाजिक रूप से जागरूक प्रत्याशियों का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में शेषनाग,रेमी पीटर हेनरी, शंभू ठाकुर, संजीव कुमार मिश्र, नीतू , सैय्यद शाहबुद्दीन, डा0 अमानुल हक, मधुसुदन प्रसाद गुप्ता,अमरेन्द्र श्रीवास्तव, रामेश्वर प्रसाद और शंकर कुमार राव इत्यादि शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रो. शम्सुल हक द्वारा की गयी। बैठक को भारत जोड़ो अभियान के समन्वयक पंकज और आलमगीर हुसैन ने किया।



# पश्चिम चंपारण पुलिस ने फर्जी एटीएम कार्ड रैकेट का किया भंडाफोड़।

## फर्जी एटीएम कार्ड सहित बाइक को पुलिस ने किया जब्त।



**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**
**चंपारण।** पश्चिम चंपारण स्थित बगहा पुलिस जिला अंतर्गत रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी एटीएम कार्ड रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई रामनगर अंबेडकर चौक स्थित एसबीआई एटीएम के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर की गई। पुलिस ने मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 49 फर्जी एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के घुघुली थाना खडेसर के 25 वर्षीय सतीश कुमार और पूर्वी चंपारण के आदापुर थाना के ढेकहिया निवासी 23 वर्षीय असलम हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी करते हुए दोनों संदिग्धों को एटीएम में फर्जी तरीके से कार्ड का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे लोगों के एटीएम कार्ड की जानकारी चोरी कर नकली कार्ड बनाते थे और फिर पैसे निकालते थे। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों के 49 फर्जी एटीएम कार्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। रामनगर एसडीपीओ नंदजी प्रसाद ने बताया कि यह गिरोह राज्य के कई हिस्सों में सक्रिय है और बेतिया सहित अन्य जगहों पर अनपढ़ लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करता था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसकी जांच जारी है। रामनगर अंचलाधिकारी अजय कुमार, थानाध्यक्ष ललन कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों ने इस ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाई। फिलहाल दोनों आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### ठेकेदार पाइन लाइन बिछाकर हुए नदारद, एक साल से उखड़ी सड़क पर नागरिक चलने को मजबूर

सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक में करीब आधा दर्जन कार्यदायी एजेंसियों पर करोड़ों का जुर्माना ठोंगा था, लेकिन जहां तक जिला व स्थानीय प्रशासन का सवाल है तो प्रशासन ऐसे ठेकेदारों या कार्यदायी संस्थाओं पर लगाम लगाने में नाकाम हैं, जिसका खामियाजाना आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत सभी वार्डो को गैस व नल की पाइप लाइनों ने पूरी तरह से समाप्त कर दिया है और पाइप लाइन डालकर ठेकेदार भी नदारत रहते हैं, जिस कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस पाइप पाईन कम्पनी द्वारा नगर पालिका में आंशिक क्षतिपूर्ति का गारंटी पत्र तो जमा किया है लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक रोड कटिंग की गयी है और संस्था इन मार्गो को दुरुस्त कराने की गारंटी तो लेती है, लेकिन अभी तक सड़कों की मरम्मत न कराए जाने ध्वस्त सड़कों से हो रही दिक्कत लोगों को एक साल से उठानी पड़ रही है।

### वीरांगना दिवस सम्मान समारोह में महिलाओं को किया जागरुक

**महोबा।** मिशन शक्ति फेज- 5.0 के दृष्टिगत सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह की अध्यक्षता में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यालय के राजकीय बालिका इण्टर कालेज, महोबा में महिला कल्याण विभाग के सौजन्य से काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अन्तर्गत वीरांगना दिवस सम्मान समारोह के आयोजन का वीरांगना लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए महिला सशक्तिकरण को बढावा देना है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के संघर्षपूर्ण जीवन के विषय मे बताते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के विषय में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया कहा कि लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना थी वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवन काल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। महारानी लक्ष्मीबाई



सभी के लिए वीरता और साहस की प्रेरणा श्रोत हैं। इस दौरान लक्ष्मीबाई जी की जयंती के अवसर पर जनपद महोबा में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली वीरांगनाओं/महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किया।

इस दौरान मंच संचालक/टीम प्रबन्धक वन स्टॉप सेन्टर से क्षमा सिंह, बाल कल्याण समिति से मधुबाला, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा पुरवार, प्रधानाचार्य आशी सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुषमा चौधरी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों पर लगाया गया रिफ्लेक्टर

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम एवं वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से यातायात माह नवंबर के तहत यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा प्रचलित अभियान एवं आने वाली शीतऋतु के दृष्टिगत धुंध के समय यात्रियों का सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करने के उद्देश्य से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

यातायात प्रभारी सुनील कुमार ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली शीतऋतु में धुंध के समय दृश्यता बहुत कम हो जाती है और सड़क पर यात्रा करते समय ज्यादा दूरी तक दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। यात्रियों एवं वाहन चालकों को अपने आगे तथा पीछे चलने वाले वाहन बहुत कम दिखाई देते हैं। हर वर्ष धुंध के समय बड़ी सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं, इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे का कारण सर्दी के समय पड़ने वाली धुंध है जिसकी वजह से वाहन चालकों की दृश्यता बहुत कम हो जाती है। धुंध के समय में इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करने के लिए महोबा पुलिस द्वारा हर वर्ष वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाते हैं। यह रिफ्लेक्टर धुंध में भी दूर से चमकते हैं जिसकी वजह से वाहन चालकों को अपने आगे पीछे चलने वाले वाहन दिखाई देते रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महोबा की ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत करीब 25 वहानों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए है।

### चिकित्सालय में लगे फायर सेफ्टी यंत्रों को किया गया चेक

**महोबा।** डा0 आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी एवं फायर सर्विस से देवेश तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से जिला पुरूष चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय, महोबा का निरीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सालय की आग लगने पर फायर सेफ्टी से सम्बन्धित व्यवस्थाओं को जाँचा परखा गया। एवं चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो विशेषकर, एनआरसी, एनबीएसयू, चिल्ड्रिन वार्ड, पीकू वार्ड आदि में आपातकालीन निकास द्वार बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि चिकित्सालय में किसी भी प्रकार के विद्युत वायर खुले न रखे जाए। एवं वार्डों में एक्जास्ट फैन लगवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय आग बुझाने वाले यंत्र क्रियाशील पाये गये।

### पांच मामलों में सात अभियुक्तों को 17 हजार का जुर्माना

**बांदा।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप अलग-अलग पांच मामलों में सात अभियुक्तों को 17 हजार रुपये के जुर्माने दंडित कराया गया। नगर कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अभियुक्त राजु श्रीवास्तव पुत्र रामस्वरुप निवासी दुबे जी की बिल्डिंग थाना को0 नगर जनपद बांदा को जुर्म स्वीकार करने पर 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया ।इसी तरह थाना पैलानी में दर्ज अभियोग के दो अभियुक्तों संजय सिंह पुत्र रामकृष्ण परिहार तथा रामकृष्ण उर्फ रामकिशुन पुत्र रामाधार निवासीगण कुकुआखास थाना पैलानी जनपद को जुर्म स्वीकार करने पर दो-दो हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया।

थाना बिसण्डा पर पंजीकृत अभियोग आयुध अधिनियम के अभियुक्त विन्नु उर्फ विन्नु कुमार पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम अकौना थाना बिसण्डा को जुर्म स्वीकार करने पर 3000/ रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। थाना बिसण्डा पर पंजीकृत अभियोग आयुध अधिनियम के अभियुक्त रामजस पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम मिलाथू थाना बिसण्डा जनपद बांदा को जुर्म स्वीकार करने पर 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। थाना बिसण्डा पर पंजीकृत अभियोग धारा 25 आयुध अधिनियम के दो अभियुक्तों पप्पु पुत्र रामनारायण सिंह तथा गुड्डा पुत्र रामनारायण सिंह निवासीगण ग्राम अजीतपारा थाना बिसण्डा जनपद बांदा को जुर्म स्वीकार करने पर दो-दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित कराया गया।

### प्रशस्ति पत्र देते हुए शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**बांदा।** महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन को ज़िला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह और राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन समारोहिका डॉक्टर सबीहा रहमानी और सह-सामरोहिका डॉक्टर जयंती सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, विशिष्ट अतिथि की रुप में नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु उपस्थित रहीं। वंदना गुप्ता जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, इस समारोह में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सम्मान से मालती बासु, डॉक्टर लक्ष्मीकिशोर त्रिपाठी, डॉक्टर शबाना रफीक, प्रोफेसर दीपाली गुप्ता, डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर जयंती सिंह, डॉक्टर अर्चना भारती, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, अंजू दमेले, श्रीमती सुमन शुक्ला, को दिया गया।

## विदेश समाचार

### जापान के प्रमुख कवि तानिकावा का निधन



**टोक्यो।** जापान में आधुनिक कविता आंदोलन के प्रमुख स्तंभ और ख्यातिलब्ध कवि व गीतकार शुनतारो तानिकावा अनंतकाल में विलीन हो गए। उन्होंने 13 नवंबर को 92 वर्ष की आयु में राजधानी टोक्यो के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पुत्र केन्साकु तानिकावा ने मंगलवार को यह दुखद जानकारी उनके प्रशंसकों को दी। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, शुनतारो तानिकावा ने हाइकू और अन्य परंपरा से हटकर मानवीय कविता संसार रचा। उन्हें जापान में आधुनिक कविता आंदोलन का पुरोधा माना जाता है। तानिकावा ने कॉमिक स्ट्रिप 'मूंगफली' का अनुवाद किया।

### न्यूजीलैंड का माहौल खराब कर रहा पन्नू



**बर्मिंघम।** अमेरिका में बैठा आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अब न्यूजीलैंड में माहौल खराब करने की फिराक में है। उसके आतंकी संगठन की तरफ से न्यूजीलैंड में रेफरेंडम की वोटिंग करवाई गई। इसका उद्देश्य भारत से पंजाब को अलग करके वोटिंग करना था। लेकिन अब न्यूजीलैंड की सरकार ने साफ तौर से कह दिया है कि वह भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मान्यता देता है।

### हसीना के खिलाफ जांच जल्द पूरा करने के निर्देश



**ढाका।** बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधिकरण ने जांचकर्ताओं से कहा कि उनके पास अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ जांच संबंधी कार्य पूरा करने के लिए 17 दिसंबर तक का वक्त है। तीन सदस्यीय 'इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल' के प्रमुख न्यायाधीश गुलाम मुर्तजा मजूमदार हैं।

### पाक: 7 पुलिसकर्मियों का आंतकियों ने किया अपहरण



**लक्की मारवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले के वजीर उपखंड में अज्ञात हथियारबंद आतंकवादियों ने रोचा चेक पोस्ट से 7 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर लिया। जिला पुलिस अधीक्षक जियाउद्दीन अहमद ने इसकी पुष्टि की। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, यह वाकया सोमवार रात का है। हथियारबंद आतंकवादी चेक पोस्ट को घेरने के बाद जबरन उसमें घुस गए और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को बंदूक के दम पर बंधक बना लिया।

### बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री भ्रष्टाचार के केस में बरी



**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उपाध्यक्ष और पूर्व गृहमंत्री अल्ताफ हुसैन चौधरी को आज राजधानी ढाका की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के एक पुराने मामले में बरी कर दिया। आयोग ने जांच के बाद सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल और पूर्व गृहमंत्री चौधरी पर आय के स्रोतों से अधिक 2.56 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने और 59 लाख रुपये की चल संपत्ति के बारे में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया था। ढाका विशेष अदालत-8 के न्यायाधीश मोंजुरुल हुसैन ने आज इस केस में फैसला सुनाया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-२० शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों के साथ एक समूह तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

**जी20 शिखर सम्मेलन** में प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा के बीच अहम चर्चा

# ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर जताई सहमति

एजेंसी, रियो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील के दौरे पर हैं। वह रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए हैं। रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डा सिल्वा के साथ बातचीत की। राष्ट्रपति लूला ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात में कहा, हम ठीक उसी तरह जी20 समिट की मेजबानी करना चाहते थे, जैसा पिछले साल भारत ने कयिा था। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के साथ हुई मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति लूला से बातचीत की। जी20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील के शानदार प्रयासों के लिए उनकी तारीफ की। इस दौरान हमने द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तार से बातचीत की। ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर कई फैसले लिए।

**विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी के लिए राष्ट्रपति लुला को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने 'भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन' संबंधी ब्राजील की पहल को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। चर्चा अक्षय ऊर्जा, जैव ईंधन, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल प्रौद्योगिकी में अधिक सहयोग के अवसर तलाशने पर केंद्रित रही।

### जब ब्राजील में प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं मेलोनी, बोलीं- आपसे मिलकर खुशी होती है



प्रधानमंत्री मोदी जी-20 समिट के लिए अभी ब्राजील में हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात हुई। समिट के इतर प्रधानमंत्री मोदी और मेलोनी के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। प्रधानमंत्री मोदी और मेलोने दोनों ने एक्स पर इसकी तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों से भारत और इटली के बेहतर संबंध की झलक दिखती है। मेलोनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और इटली और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी की जमकर तारीफ की। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मेलोनी से मिलकर उन्हें भी खुशी हुई। हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी में संबंधों को और मजबूत बनाने पर केंद्रित रही।

### ब्राजील से गुयाना जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी का जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर राष्ट्रपति लुला ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। मोदी के साथ-साथ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 18-19 नवंबर को रियो डी जेनेरियो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल हैं। ब्राजील से पीएम मोदी, राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर गुयाना जाएंगे। यह 50 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा होगी।

### लूला को जान से मारने और तख्तापलट की साजिश, 5 अधिकारी गिरफ्तार

ब्राजील पुलिस ने 2022 के चुनाव के बाद राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डा सिल्वा की सरकार के तख्तापलट की साजिश रचने और उनकी हत्या की योजना बनाने के आरोप में पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि तख्तापलट की साजिश रचने वालों ने उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डि मोरेस को भी जान से मारने की योजना बनाई थी।

### पुलिस ने उठाए कदम

पुलिस के मुताबिक, पांच गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए हैं और तीन तलाशी एवं जब्ती वारंट जारी करने के साथ-साथ अन्य उपाय भी किए गए हैं, जिनमें संदिग्धों के पासपोर्ट जब्त करना और उन्हें दूसरों से संपर्क करने से रोकना शामिल है।


### सरकार के खिलाफ साजिश

गिरफ्तारी का आदेश देने वाले न्यायमूर्ति मोरेस ने कहा कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि तख्तापलट की साजिश में सेना के विशेष बल में प्रशिक्षित सैन्यकर्मी और एक सेवानिवृत्त उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल थे। उन्होंने कहा, "साजिशकर्ताओं का उद्देश्य वैध रूप से चुनी गई सरकार को शपथ लेने से रोकना और लोकतंत्र एवं न्यायपालिका को कमजोर करना था।

**रूस का दावा-** ब्रांस्क क्षेत्र पर किया हमला

# यूक्रेन ने रूस पर दागी छह अमेरिकी मिसाइल

एजेंसी, मॉस्को



आज रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक हजार दिन पूरे हो गए हैं। इस बीच एपी की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रात को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर छह अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइलों यानी कि टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के रूस के अंदर हमले के लिए इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन ने पहले भी एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किया था, लेकिन ये इस्तेमाल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित था। रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पुतिन के करीबी दिमत्री मेदवेदेव ने यूक्रेन को मिसाइल दागने की अनुमति देने के अमेरिका के फैसले की निंदा की। दिमत्री ने तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ दागी गईं मिसाइलों को हमला माना जाएगा। इसके जवाब में रूस यूक्रेन और नाटो के ठिकानों पर कार्रवाई कर सकता है। इसका मतलब है तीसरे विश्व युद्ध का समय आ गया है।

### रूस कर सकता है परमाणु हथियार का इस्तेमाल

रूस सरकार ने अमेरिका के इस फैसले के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए अपने बयान में कहा था कि यह स्वभाविक है कि अमेरिकी निवर्तमान सरकार युद्ध को भड़काना चाहती है। रूस सरकार ने कहा कि 'राष्ट्रपति पुतिन ने सितंबर में ही साफ कर दिया था कि रूस के खिलाफ मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब रूस और नाटो का युद्ध होगा। यूक्रेन के लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब होगा कि अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हो गया है। इसके बाद हम भी जरूरी और कड़े कदम उठाएंगे। वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक अहम फैसले के तहत संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन द्वारा संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर के कदम को भी बाइडन के फैसले का ही जवाब माना जा रहा है। रूस की नई परमाणु नीति में ये प्रावधान किया गया है कि रूस पर अगर बड़े पैमाने पर हवाई हमला होता है तो उसके जवाब में रूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकता है।

# ब्रिटेन में हजारों किसानों ने ट्रैक्टरों सहित संसद के बाहर किया प्रदर्शन




एजेंसी, लंदन

हजारों ब्रिटिश किसानों ने मंगलवार को संसद के बाहर प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने एक नए कर नियम के खिलाफ आवाज उठाई। उनका कहना है कि यह नियम पारिवारिक खेती को बर्बाद कर देगा। किसान बैनर, टॉय ट्रैक्टर और नारों के साथ सड़कों पर उतरे। सरकार के फैसले से गुस्साए किसानों का कहना है कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। सरकार ने हाल ही में बजट में एक पुराने कर छूट नियम को समाप्त करने का फैसला किया है। यह नियम कृषि भूमि को इनहेरिटेंस टैक्स से छूट देता था। अप्रैल 2026 से, 10 लाख पाउंड (लगभग 13 करोड़) से अधिक मूल्य वाली कृषि भूमि पर मालिक की मृत्यु के बाद इसे अगली पीढ़ी को देने पर 20% टैक्स लगेगा। किसानों का कहना है कि यह नियम उनके लिए अंतिम झटका साबित होगा। प्रदर्शन के सह-आयोजक ओल्ली हैरिसन ने कहा, हर कोई नाराज है। हम सड़कों को जाम करने और फ्रांस के किसानों जैसे विरोध की तैयारी में हैं। किसानों ने डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ ट्रैक्टरों पर द फाइनल स्ट्रॉ और नो फार्मर्स, नो फूड जैसे नारों के पोस्टर लगे हुए थे। बच्चों ने छोटे ट्रैक्टरों के साथ संसद स्क्वायर के आसपास मार्च निकाला। मशहूर टीवी होस्ट और किसान जेरेमी क्लार्कसन भी इस रैली में शामिल हुए। 1,800 किसानों को नेशनल फार्मर्स यूनियन ने संसद के अंदर जाकर सांसदों से बात करने का मौका दिया।

### हॉन्ग कॉन्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामले में 45 लोगों को सजा, 10 साल तक की जेल

**हॉन्ग कॉन्ग।** हॉन्ग कॉन्ग के सबसे बड़े राष्ट्रीय सुरक्षा मामले में बीजिंग द्वारा लगाए गए एक व्यापक कानून के तहत मंगलवार को दर्जनों प्रदर्शनकारियों को 10 साल के लिए जेल में डाल दिया गया। इन सभी के खिलाफ 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक अनऔपचारिक चुनाव में उनकी भागीदारी के लिए 2021 में मुकदमा चलाया गया था। उनपर हॉन्ग कॉन्ग की सरकार को अपंग बनाने और बहुमत हासिल करने वाले नेता को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने और सरकारी बजट अंधाधुंध तरीके से अवरुद्ध करने की कोशिश करा आरोप लगाया गया है। कुल 45 लोगों को चार साल और दो से 10 साल तक की सजा सुनाई गई है। कुछ प्रतिवादियों ने दावा किया था कि विधायिका में बहुमत सीटें सुरक्षित करने की योजना कभी सफल नहीं होगी।

### नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा बैठक: 11 बिंदुओं पर संयुक्त हस्ताक्षर

**काठमांडू।** नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच तीन दिनों से चल रही उच्च स्तरीय बैठक आज संपन्न हो गई। भारत के सीमा सुरक्षा बल एसएसबी के महानिदेशक और सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) के नेतृत्व में हुई बैठक में सीमा पार अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने का निष्कर्ष निकाला गया है। काठमांडू में तीन दिनों तक चली बैठक में दोनों देशों के संयुक्त प्रयास से सीमा सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाकर सीमा से अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। पिछले शनिवार को शुरू हुई बैठक में सशस्त्र पुलिस महानिरीक्षक राजू अर्याल और भारत के सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने 11 एजेंडे पर चर्चा के बाद संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए।

### अगले तीन वर्ष में अप्रवासियों की संख्या में जस्टिन ट्रूडो करेंगे कटौती

**ओट्वा।** कनाडा में अपनी राजनीतिक लोकप्रियता लगातार गिरने के बीच प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने माना कि उनकी सरकार की आव्रजन नीति में कुछ चूक हुई हैं और निहित स्वार्थों के लिए गलत लोगों ने इनका फायदा उठाया। फर्जी कॉलेजों और बड़ी कंपनियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग नौकरी, डिग्री और नागरिकता का झूठा वादा करके प्रवासियों का शोषण करते रहे हैं। ट्रूडो ने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो संदेश में कहा, पिछले दो वर्षों में हमारी आबादी बहुत तेजी से बेबी बूम की तरह बढ़ी है। ट्रूडो ने कनाडा सरकार की प्रस्तावित नई आव्रजन नीति का जिक्र करते हुए कहा, यह एकदम सीधी नीति है और अगले तीन वर्षों में हम देश में स्थायी और अस्थायी निवासियों की संख्या घटाने जा रहे हैं।

**विकसित-विकासशील देश आमने-सामने**

# जलवायु वित्त को लेकर नहीं बन रही सहमति

एजेंसी, बाकू

अजरबैजान की राजधानी बाकू में चल रहे सीओपी 29 सम्मेलन में भी जलवायु वित्त को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। दरअसल विकासशील देश जहां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए पहले विकसित देशों द्वारा वित्तीय मदद देने की मांग पर अड़े हैं। वहीं विकसित देशों का कहना है कि धनी विकासशील देशों को भी वित्तीय मदद में योगदान देना चाहिए। विकासशील देशों का कहना है कि जब तक विकसित देश वित्तीय मदद देने पर कोई फैसला नहीं करते हैं, तब तक आगे कोई बात नहीं होगी। इसकी वजह से बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में कोई सहमति नहीं बन पा रही है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु मामलों के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि अगर दुनिया के देश समझौता नहीं करेंगे तो इससे बातचीत उल्टी दिशा में भी जा सकती है।

### इस मुद्दे पर अटकी बात



विकसित देशों के रुख में थोड़ा बदलाव आया है। पहले जहां वे विकासशील देशों को वित्त पोषित करने पर ही एकमत नहीं थे, अब उन्होंने अपने रुख में थोड़ी नरमी लाते हुए वित्तपोषित करने वाले देशों में उन विकासशील देशों को भी शामिल करने की मांग की है, जो धनी हैं, जैसे सऊदी अरब और चीन आदि। यूरोपीय संघ और कुछ विकसित देशों का तर्क है कि इतनी बड़ी राशि तभी हासिल की जा सकती है जब चीन और खाड़ी देशों जैसे 'अमीर उच्च-उत्सर्जक' विकासशील देश भी योगदान दें। यूरोपीय संघ ने कहा है कि विकासशील देशों को भी उनके कार्बन उत्सर्जन और विकास दर के आधार पर वित्तपोषण में योगदान देना चाहिए। हालांकि विकासशील देश वित्तपोषण के मुद्दे पर अंतिम सहमति बनने तक किसी और मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं।

### क्या है जलवायु वित्त

दरअसल जलवायु वित्त वह अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण है, जिसकी मांग विकासशील देशों द्वारा की जा रही है। विकासशील देशों का कहना है कि अगर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करना है तो इसके लिए उन्हें वैकल्पिक संसाधनों की जरूरत होगी, जिसके लिए उन्हें वित्तीय मदद मिलनी चाहिए ताकि पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस से कम तक सीमित किया जा सके। यह वित्तीय मदद विकसित देशों द्वारा दिए जाने की मांग की जा रही है क्योंकि औद्योगिकरण का सबसे ज्यादा फायदा विकसित देशों ने उठाया है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन की समस्या हुई। अब जब विकासशील देशों को अपने विकास के लिए औद्योगिकरण की जरूरत है तो उन्हें कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए कहा जा रहा है। यही वजह है कि विकासशील देशों ने कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए वित्तपोषण दिए जाने की मांग की है। विकासशील देशों को जलवायु के बिगड़ते प्रभावों से निपटने के लिए सालाना कम से कम 1.3 खरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है।

**अब गेंद** नेतन्याहू के पाले में

# अमेरिकी प्रस्ताव पर लेबनान हिजबुल्लाह सहमत

एजेंसी, तेल अवीव



इजराइल और हमास के बीच पिछले एक साल से युद्ध जारी है। इस संघर्ष में अब हिजबुल्लाह भी शामिल हो चुका है। इजराइल के साथ इस संघर्ष को रोकने के लिए अब लेबनान और हिजबुल्लाह अमेरिका के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। लेबनान के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसे लेकर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई। ईरान द्वारा समर्थित हिजबुल्लाह ने युद्धविराम पर बातचीत के लिए अपने लंबे समय के सहयोगी नबीह बेरी का समर्थन किया। संसद अध्यक्ष नबीह बेरी के सहयोगी अली हसन खलील ने अमेरिका के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "लेबनान ने सकारात्मक माहौल में पेपर पर अपनी टिप्पणी की। हमारे द्वारा प्रस्तुत सभी टिप्पणियां (यूएन) प्रस्ताव 1701 के सभी प्रावधानों के साथ सटीक पालन पुष्टि करती है।" खलील ने कहा, "इस पहल की सफलता अब इजराइल पर निर्भर करती है।

संपादकीय

# महाराष्ट्र में नोट का खेल

**महाराष्ट्र** में आज मतदान होना है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को बड़ा मामला सामने आया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर विपक्षी दलों ने पैसे बांटने के आरोप लगाए हैं। ये आरोप कितने सही हैं, कितने गलत, यह तो जांच के बाद सामने आएगा, लेकिन जिस तरह का वीडियो वायरल हो रहा है, उससे लगता है कि कुछ तो हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो वीडियो में कई लोग नोट लहरा रहे हैं। पैसे बांटने के आरोप तब लगे जब बहुजन विकास अघाड़ी के विधायक क्षितिज ठाकुर समेत कई नेताओं ने पालघर ज़िले के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के एक होटल में हंगामा शुरू किया। हालांकि महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने इस मामले में अलग-अलग धाराओं में मामले दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं महाराष्ट्र पुलिस भी इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। लेकिन सवाल तो यह है कि क्या इसका कुछ नतीजा सामने आएगा? अब तक यह देखा गया है कि चुनाव आयोग का सत्ता पक्ष के प्रति नरम रुख रहता है। विनोद तावड़े ने दावा किया है कि नालासोपारा विधानसभा चुनाव क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी। वहां पर चुनाव के दिन की आचार संहिता के बारे में बताने के लिए मैं पहुंचा था। कुछ लोगों को लगा कि हम हम पैसे बांट रहे हैं। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग का विपक्ष के प्रति रवैया सख्त रहता है। इसलिए बहुत लोग कह सकते हैं कि चुनाव हो जाएगा, लेकिन नोट बांटने के आरोप कहीं दफन हो जाएंगे। सवाल यह है कि आखिर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इतनी कम कैसे हो गई है कि एक बड़ा वर्ग उसे संदेह की नजर से देखता है। नोट बांटने के मामले में विपक्ष भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसकी निंदा की है तो कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि हमने महाराष्ट्र में पूरे चुनाव में सत्ता और संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए बीजेपी, उनके घटक दलों और महाझूठी सरकार को देखा है। अब बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव पैसे बांटते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं। सवाल ये है कि चुनाव आयोग अब क्या करेगा? चुनाव आयोग पर न सिर्फ विपक्षी दल पक्षपात के आरोप लगाते हैं, बल्कि आम आदमी भी उसे संदेह की नजर से देखते हैं। महाराष्ट्र में नोटों के खेल को चुनाव आयोग को गंभीरता से लेना चाहिए। अगर नोट चुनाव को प्रभावित करेंगे तो लोकतंत्र का मतलब ही क्या रह जाएगा?

**महाराष्ट्र में नोटों के खेल को चुनाव आयोग को गंभीरता से लेना चाहिए। अगर नोट चुनाव को प्रभावित करेंगे तो लोकतंत्र का मतलब ही क्या रह जाएगा?**

पाठकवाणी

## शिक्षा की यह कैसी व्यवस्था?

**वर्तमान** दौर में शिक्षा को बड़ावा देने के लिए, जन जन तक शिक्षा पहुंचे इसके लिए कारगर कदम सरकार द्वारा उठाए जाते हैं। समाज को शिक्षित कर नए नए नवाचार किए जाते हैं, परंतु शिक्षा के क्षेत्र में कतिपय शिक्षकों द्वारा भाड़े के शिक्षक रखकर शर्मनाक पहलु से रूबरू कराया। विडंबना है की लाखों रूपयो को पानी की तरह बहाया जा रहा है और शिक्षा मापदंड इस तरह दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। सुर्खियों में सागर के भाड़े पर गुरु रखने वाले पांच शिक्षकों को और तीन जनशिक्षको को निलंबित कर दिया। चालीस हजार से अस्सी हजार प्रतिमाह वेतन पाने वाले शिक्षकों ने तीन हजार रूपए प्रतिमाह पर भाड़े के शिक्षक रखकर शिक्षा विभाग का तो सर शर्म से झुकाया, परंतु शिक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार पद प्रतिष्ठा गरिमा को भी दांव पर लगाया। शिक्षा और समाज के इन दानवों को कठोर सजा का प्रावधान जरूरी है। इन्हें सिर्फ सस्पेंड कर देने तक से काम नहीं चलेगा। लोगों को रोजगार नहीं मिलता, इन्हें सरकारी नौकरी मिली, तो इतना दुरूपयोग। संबंधित विभाग संज्ञान में लेते हुए सख्त और सूक्ष्म जांच पड़ताल करे। देश भर में राज्यों को निर्देशित करे। प्रत्येक राज्य और जिले वार और सभी स्कूलों में गहन जांच, निरीक्षण, परीक्षण जरूरी है। क्या शिक्षा के क्षेत्र में विकास हेतु और ऐसी विसंगतियों को रोकथाम करने हेतू कारगर कदम उठाए जाएंगे?

**-योगेश जोशी**, बड़वाह

कुछ खास



इतनी बड़ी पार्टी का एक राष्ट्रीय नेता पैसे बांट रहा है, यह काफी चौंकाने वाला है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। अगर लोग पैसे बांटकर चुनाव जीतना चाहते हैं तो हम जैसे लोगों को क्या करना चाहिए? इस देश में नैतिकता है या नहीं?

**-सुप्रिया सुले**, एनसीपी (शरद पवार) सांसद

आज का ट्वीट



''लोकतंत्र को नोटतंत्र में बदलने की कोशिश कर रहे भाजपा नेता महाराष्ट्र में को रंगे हाथ पकड़ा गया है। क्या ईडी को इनका एड्रेस मालूम नहीं था? क्या चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा।

**-वसीम अकरम त्यागी**

# फ़िज़ा धुआं-धुआं सी क्यों है?



**शाहीन सबा**

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या के रूप में उभरा है। देश की राजधानी, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, राजनीतिक गतिविधियों और वाणिज्यिक केंद्र के लिए प्रसिद्ध है, अब वायु गुणवत्ता के खराब होने के कारण विश्व स्तर पर चर्चित है। हर साल सर्दियों में दिल्ली का आसमान एक धुंध के आवरण से ढक जाता है, जिससे न केवल दृश्यता प्रभावित होती है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक हो चुका है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण के बढ़ने के कई प्रमुख कारण हैं। जिसमें पहला है, वाहनों का बढ़ता उत्सर्जन। दिल्ली की सड़कों पर प्रतिदिन लाखों वाहन चलते हैं। ये वाहन न केवल यातायात को धीमा करते हैं, बल्कि भारी मात्रा में प्रदूषक कण भी हवा में छोड़ते हैं। पेट्रोल और डीजल वाहनों से उत्सर्जित नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे गैसें वायुमंडल में घुलकर प्रदूषण के स्तर को और बढ़ा देती हैं। दिल्ली में कुल प्रदूषण का 40 हिस्सा वाहन उत्सर्जन से आता है। दूसरा, निर्माण गतिविधियो और धूल कण। दिल्ली में चल रही निर्माण गतिविधियाँ, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स वायु प्रदूषण में भारी योगदान करते हैं। इनमें से अधिकांश निर्माण कार्य बिना पर्याप्त सुरक्षा उपायों के होते हैं, जिससे धूल और सूक्ष्म कण हवा में मिलते हैं और सांस की समस्याएं उत्पन्न करते हैं।



तीसरा, कचरा जलाना। हर साल सर्दियों के दौरान, दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में फसलों के अवशेष जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। यह फसल जलाना पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में प्रमुख रूप से होता है, जिसका प्रभाव दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर पड़ता है। पराली जलाने से निकले धुएं के कारण दिल्ली की हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे कणों की मात्रा बढ़ जाती है। चौथी, घरेलू और औद्योगिक उत्सर्जन। दिल्ली में छोटी और बड़ी औद्योगिक इकाइयों की बड़ी संख्या है, जो कोयला, तेल और गैस का उपयोग करती हैं। इन उद्योगों से उत्सर्जित धुआं और विषैले कण प्रदूषण में इजाफा करते हैं। इसके अलावा, घरों में खाना पकाने के लिए लकड़ी और कोयले का जलाया जाना भी एक प्रमुख समस्या है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसका स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण सांस संबंधी समस्याएँ, जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य फेफड़ों की बीमारियां बढ़ रही हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण यहां के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा में 6-8 साल की कमी आई है। बच्चों और बुजुर्गों पर वायु प्रदूषण का अधिक प्रभाव पड़ता है, जिससे उनमें हृदय रोग, फेफड़े के कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। साथ ही पर्यावरण पर भी प्रभाव दिखने लगा है। प्रदूषण मौसम के पैटर्न को भी प्रभावित कर रहा है। सर्दियों के दौरान धुंध की मोटी परत सूरज की रोशनी को अवरुद्ध करती है, जिससे तापमान में गिरावट आती है और ठंड अधिक महसूस होती है

दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। इनमें से कुछ प्रमुख कदम हैं। पहला, ऑड-ईवन योजना को लागू किया गया था। दिल्ली सरकार ने वाहनों के उत्सर्जन को कम करने के लिए ऑड-ईवन योजना लागू की थी। जिसे बाद में बंद कर दिया गया था। दूसरा, ग्रीन पट्टी निर्माणः दिल्ली में हरित पट्टी (ग्रीन बफर जोन) बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रदूषण के प्रभाव को कम किया जा सके। इसमें पेड़-पौधों की अधिकतम मात्रा में रोपण किया जा रहा है। तीसरा, फसलों के अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। पंजाब और हरियाणा के किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उन्हें नष्ट करने के अन्य तरीकों का उपयोग करें। सरकार सब्सिडी देकर किसानों को बायोडिग्रेडेबल मशीनें उपलब्ध करा रही है। चौथा, स्वच्छ ईंधन की ओर रुझान भी किया जा रहा है। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों ने स्वच्छ ईंधन, जैसे उठत्रॄ और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया है। पेट्रोल और डीजल वाहनों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के लिए नई नीतियां बनाई जा रही हैं।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए संभावित समाधान निकालना सरकार के लिए टेढ़ी खीर बनती जा रही है। क्योंकि लगातार प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिली है। कई कदम उठाए जा चुके हैं, फिर भी दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए और भी अधिक ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। सामाधन के लिए सरकार को कुछ बातों पर ध्यान देना होगा। जैसे कि पहला, स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग पर बल दिया जाना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग बढ़ाया जाना चाहिए। घरों, उद्योगों, और सरकारी इमारतों में सौर पैनलों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है, जिससे प्रदूषणकारी ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम हो।

दूसरा,सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा जाए। दिल्ली में मेट्रो और बस सेवाओं का विस्तार करना चाहिए ताकि लोग अपने निजी वाहनों का कम से कम उपयोग करें। इससे यातायात की भीड़ कम होगी और वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। तीसरा, निर्माण गतिविधियों में सुधार करने की जरूरत है। निर्माण स्थलों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव और धूल कणों को कम करने के लिए कड़े मानक लागू किए जाने चाहिए। इसके लिए सरकारी नीतियों का सख्ती से पालन करना आवश्यक है।

चौथे, इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। प्रदूषण के प्रभाव और उसके समाधान के प्रति लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें पर्यावरण-संवेदनशील बनाने की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है। पांचवीं, हवा की गुणवत्ता की निगरानी को सुदृढ ढंग से लागू किया जाए। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हवा की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाने चाहिए। इससे प्रदूषण के स्तर को मापने और आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलेगी।

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण का प्रभाव न केवल हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर है, बल्कि यह हमारी आर्थिक और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित कर रहा है। यह समय है कि सरकार, उद्योग, और आम जनता एकजुट होकर इस समस्या का समाधान ढूंढें। यदि हम तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो यह समस्या आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी गंभीर हो जाएगी। हमें प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा और हर व्यक्ति को अपने हिस्से का योगदान देना होगा ताकि दिल्ली को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

**बढ़ते वायु प्रदूषण का प्रभाव न केवल हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर है, बल्कि यह हमारी आर्थिक और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित कर रहा है। यह समय है कि सरकार, उद्योग, और आम जनता एकजुट होकर इस समस्या का समाधान ढूंढें। यदि हम तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो यह समस्या आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी गंभीर हो जाएगी।**

साइबरवर्ल्ड

## गांधी-नेहरू के बारे में गलतबयानी

**नेहरू** और गांधी पर वर्तमान में लिखना इसलिए बहुत जरूरी है कि एक अरसे से इन दोनों ही महानायकों को लेकर सर्वाधिक गलतबयानी की जाती रही है। खंडन न होने के चलते एक बड़ी संख्या में युवा और प्रौढ़ नेहरू-गांधी को भारत की समस्याओं के जिम्मेदार मानने लगे हैं। जब सत्तासीन पार्टी के ही जिम्मेदार लोग नेहरू और गांधी के चरित्र हनन में लगे हों, तब उनके आइटी सेल के द्वारा प्रचारित सामग्री पर कुछ कहना ही व्यर्थ होगा। जिस नेहरू को आज भी विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत के संदर्भ में बात शुरू करने से पहले याद करते हों, उसके व्यक्तित्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। जब नेहरू को खलनायक सिद्ध करने की प्रतियोगिता सी चल रही हो तो देश के युवाओं को सच से रूबरू कराना जरूरी हो जाता है। हम बालदिवस की बधाई देंगे, लेकिन नेहरू का जिक्र नहीं करेंगे। या फिर बाल दिवस को गोविंद सिंह के बच्चों के बलिदान से जोड़ेंगे। क्या ये बच्चे इसी दिन बलिदान हुए थे? आखिर इस स्थानापन्न की जरूरत क्या? ये उन बच्चों के प्रति श्रद्धा नहीं, बल्कि नेहरू के प्रति नफरत है। जिस विचारधारा के लोग यह सब कर रहे हैं, वे ही सिखों को यदि वे किसी मुद्दे को लेकर आंदोलनरत हैं, तो उन्हें खालिस्तानी घोषित करते देर नहीं लगाते। अगर हम अटल जी की नेहरू को दी गई श्रद्धांजलि पढ़ लें तो अन्य सभी महानुभावों की प्रशंसाएं फीकी पड़ जाएंगी। नेता चला गया है, लेकिन उसे मानने वाले अभी भी हैं। सूरज ढल चुका है, लेकिन अब हमे सितारों की रोशनी से ही अपना रास्ता तलाशना होगा। यह परीक्षा का समय है, अगर हम सब खुद को उनके विचारों पर आगे लेकर चले तो समृद्ध भारत के सपने सच कर सकते हैं, विश्व में शांति ला सकते हैं, यह सच में पंडित नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संसद के लिए यह अपूर्णनीय क्षति है, ऐसा निवासी दोबारा तीन मूर्ति मार्ग पर नहीं आएगा। जबरदस्त व्यक्तित्व, विपक्ष को भी साथ लेकर चलने की क्षमता, उनके व्यक्तित्व को फिर से परिभाषित करता है, ऐसी महानता शायद हम भविष्य में कभी नहीं देख पाएं।

**-संजीव शुक्ल** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## पुस्तक और समय

**बैंजामिन** फ्रेंकलिन की किताबों की दुकान थी। एक दिन उनकी दुकान पर एक ग्राहक आया। वह दुकान में इधर-उधर घूमता रहा। कुछ किताबें देखने के बाद उसने एक किताब हाथ में उठाई और दुकान के एक कर्मचारी से पूछा 'इस किताब की कीमत क्या है?' कर्मचारी ने कहा 'एक डॉलर'। ग्राहक ने कहा 'यह तो ज्यादा है, कुछ कम नहीं हो सकता क्या?' कर्मचारी ने स्पष्ट कहा 'नहीं'। ग्राहक ने कहा 'क्या बेन फ्रेंकलिन यहां हैं? मैं उनसे मिलना चाहता हूँ।' कर्मचारी ने जवाब दिया, 'वे अभी आने वाले हैं'। वह ग्राहक फेंकलिन का इंतजार करने लगा। फ्रेंकलिन के आने के बाद ग्राहक ने उनसे पूछा 'इस किताब की कम-से-कम कीमत क्या होगी?' फ्रेंकलिन ने जवाब दिया, 'सवा डॉलर'। ग्राहक ने आश्चर्य से कहा, 'लेकिन आपकी दुकान के कर्मचारी ने तो इसकी कीमत अभी कुछ देर पहले एक डॉलर बताई है!' बेंजामिन ने अपना काम करते हुए कहा, 'उसने ठीक बताया है, चौथाई डॉलर मेरे समय की कीमत है'। ग्राहक ने आग्रह किया, 'ठीक है, अब आप इसकी सही कीमत बता दीजिये'। इस बार बेंजामिन ने कीमत बताते हुए कहा, 'अब डेढ़ डॉलर, आप लेने में जितनी देर करते जाएंगे, समय का मूल्य भी इसमें जुड़ता जाएगा।' ग्राहक के पास अब कोई रास्ता न था। एक डॉलर के बदले डेढ़ डॉलर देकर उसने वह किताब खरीद ली। किताब के साथ ही उसे समय का मूल्य भी ज्ञात हो गया। समय के महत्व को जानने वाले यही बैंजामिन फ्रेंकलिन महान वैज्ञानिक, राजनीतिक और चिंतक बने।



तीखी नजर

## हथेली पर पाले तोते उड़ जाएं तो



राजेंद्र बज

पता चला कि वह नाराज थे। लेकिन यह नाराजगी अकारण नहीं थी, कितने सपने संजोकर उन्होंने मैदान पकड़ा था। अपनी जड़ जमाने हेतु जमाने भर की दौड़भाग की थी। क्या इसलिए कि जब वक्त आ जाए तो भी कोई सिला नहीं मिल सके। कोई और भाजी मार ले जाए। वे जिस मैदान में थे, वहां चौदस के लड्डू बार-बार नहीं बंटा करते। जागृत जनमत के चलते जनता जो समझदार होती जा रही है। रोटी की भरपूर सिकाई के लिए उसे पलटने का माद्दा रखने लगी है। हां, तो बात यह है कि उनकी नाराजी का सबब यह था कि यहां उन्हें वह नहीं मिला, जिसके लिए वह तरसा करते थे। तरसते ही रहते यदि वहीं रहते, ऐसी सोच के साथ वह यहां से वहां चले गए।

आजकल पूर्व निर्धारित शर्त और आश्वासन पर ही यहां से वहां या वहां से यहां का सफर तय होने लगा है। वैसे भी बिना प्रमोशन की गारंटी के कौन बोरिया बिस्तर बांधता है! लेकिन कभी-कभी कोई डर इतना सताने लगता है कि खेमा बदलने में ही सुरक्षा नजर आने लगती है। राजनीति में कार्यकर्ता से जरा ऊपर का कद क्या हो जाए, हथेली पर तोते पाल लिए जाते हैं, जिनके उड़ने की संभावना दिखाई देने पर हथेली की दिशा बदल ली जाती है। वैसे नेताओं की भी अंतरात्मा हुआ करती है, जिसकी आवाज उन्हें, सिर्फ उन्हें ही सुनाई देती है। यह आवाज उनके दिल की होती है और उनके ही हित में होती है।

इस मैदान में वंश परंपरा का बोलबाला है। कहीं-कहीं तो परिवार के अधिकांश सदस्य किसी न किसी लॉलीपॉप का भरपूर आनंद ले रहे हैं। वैसे भी सदियों तक राजशाही का जमाना रहा है। जिस प्रकार अमीरों की अमीरी और गरीबों की गरीबी उनकी नियति है, ठीक उसी प्रकार नेता का बेटा नेता ही हो यही उसकी परिणति है। दरअसल राजनीति के खेल में आए दिन लफड़े पर लफड़े हुआ करते हैं। किसी का कोई पक्का ठिकाना नहीं होता कि कब कौन बिस्तर समेटकर कहीं और डेरा डाल देगा। जब तक राजनीति में नीति और सिद्धांतों के प्रति निष्ठा और समर्पण का भाव था, नेता नाम पर श्रद्धा थी। आजकल के नेता दबदबे वाले हो गए हैं।

बीते दौर में नेताओं के चरित्र की सौगंध खायी जा सकती थी। दरअसल जो जिसकी सौगंध खाता है, उसकी बड़ी ऊंची साख हुआ करती है। जो शाश्वत है और परम सत्य है, आमतौर पर उसी की सौगंध खायी जाती है। यानी की जो अविश्वसनीय है, उसकी सौगंध खाने का तो सवाल ही नहीं उठता। यही कारण है कि परस्पर बातचीत में हम एक दूसरे की सौगंध खाकर बात कर सकते हैं, लेकिन ऐसा मामला आज तक नहीं देखा गया है कि किसी ने अपनी बात की प्रमाणिकता पर नेता की सौगंध खाकर ठप्पा लगाया हो। वैसे भी आम बोलचाल की भाषा में 'नेता' शब्द का इतना अवमूल्यन हो गया है, जितना कि आज तक रुपए का अवमूल्यन हो गया है और आने वाले समय में और भी हो जाना है। नेता और रुपए का गिरना चिंता का विषय तो है ही।

अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस

# बाल संरक्षण से ही संभव बेहतर दुनिया का निर्माण



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 20 नवम्बर को दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने, बच्चों की समस्याओं को हल करने, बच्चों के बीच जागरूकता तथा बच्चों के कल्याण के लिए काम करने और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस का विषय है 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार', जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। यह एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है, जहां प्रत्येक बच्चा फल-फूल सके और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सके। व्यस्कों से अलग बच्चों के अधिकारों को 'बाल अधिकार' कहा जाता है। सही मायनों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाल दिवस की शुरूआत किए जाने का मूल उद्देश्य बच्चों की जरूरतों को पहचानना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और उनके शोषण को रोकना है ताकि बच्चों का समुचित विकास हो सके।

भारतीय संविधान में भी बच्चों के कई अधिकार निर्धारित हैं। हमारे संविधान के अनुसार प्रत्येक बच्चे को जिंदा रहने का मौलिक अधिकार है और इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य पर है। हर राज्य की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को किसी भी तरह के भेदभाव से बचाए और उनके अधिकारों को बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाए। बच्चे को उच्चतम स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा पाने का अधिकार है। राज्य का यह कर्त्तव्य है कि वह बच्चे के लिए प्राथमिक स्तर की शिक्षा निःशुल्क व अनिवार्य करे। प्रत्येक बच्चे को अच्छा जीवन स्तर पाने का अधिकार है। अक्षम बच्चे को विशेष देखभाल, शिक्षा, प्रशिक्षण पाने का अधिकार है। बच्चे को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के उपयोग से बचाए जाने का अधिकार है। राज्य का यह कर्त्तव्य है वह बच्चों को हर तरह के दुर्व्यवहार से बचाए। समाज के अनाथ बच्चों को सुरक्षा पाने का अधिकार है, बच्चों को ऐसे कार्यों से बचाए जाने का अधिकार है, जो उसके स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास को हानि पहुंचाएं। किसी बच्चे को बेचना, अपहरण करना या जबरन काम करवाना कानूनी अपराध है, राज्य की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बच्चे को इससे बचाए। राज्य की यह भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को यौन अत्याचारों, वेश्यावृत्ति आदि से बचाए।

**भले ही अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके।**

अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस मनाने की शुरुआत वैसे तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1954 में की गई थी लेकिन वास्तव में यह दिवस वर्ष 1857 में जून के दूसरे रविवार को चेल्सी (मैसाचुसेट्स) में यूनिवर्सल ऑफ द रिडीमर के पादरी रेवरेंड डा. चार्ल्स लियोनार्ड ने शुरू किया था। लियोनार्ड ने बच्चों के लिए और उनके लिए समर्पित एक विशेष सेवा का आयोजन किया था, जिसे 'रोज डे' का नाम दिया था, कुछ समय बाद इसे 'फ्लावर संडे' नाम दिया गया और बाद में इसका नाम 'चिल्ड्रन्स डे' कर दिया गया। आधिकारिक तौर पर बाल दिवस पर पहली बार 1920 में तुर्की गणराज्य द्वारा 23 अप्रैल की निर्धारित तिथि के साथ राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया था। 1920 से तुर्की सरकार और उस समय के समाचारपत्रों ने बाल दिवस को बच्चों के लिए एक दिन घोषित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा 1929 में तुर्की गणराज्य के राष्ट्रपति मुस्तफा केमल अतातुर्क द्वारा की गई थी। बाल दिवस मनाए जाने की शुरुआत वैसे तो 1920 के दशक में ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो दुनियाभर में इसे मान्यता 1953 में मिली। 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में मनाए जाने का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि 20 नवम्बर 1959 को संयुक्त राष्ट्र की आमसभा ने बाल अधिकारों की घोषणा की थी। जीवन जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और विकास का अधिकार, बाल अधिकारों को इन चार अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया है। 20 नवम्बर 1989 को बच्चों के अधिकारों के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे 191 देशों द्वारा पारित किया गया। बाल दिवस मनाए जाने को लेकर दिलचस्प तथ्य यह है कि भले ही अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन विश्व के अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। दुनियाभर में 191 देशों द्वारा बाल दिवस मनाया जाता है, जिनमें से करीब चार दर्जन देश 20 नवम्बर को यह दिवस मनाते हैं जबकि अन्य देश अपने हिसाब से अन्य तिथियों पर।



भले ही अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा बच्चे भीख मांगते हैं और यौन शोषण के शिकार होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस सही मायनों में विश्वभर में बच्चों के अधिकारों के प्रति एकजुटता को बढ़ावा देने का समय है।

## सार संक्षेप

### क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए ड्रीम 11 ने शुरु किया 'गुरु होम'

**नई दिल्ली** : ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ड्रीम 11 ने मंगलवार को वर्ष 2028 तक 50 हजार से अधिक क्रिएटर्स को सशक्त बनाने और खेल प्रशंसकों को इससे जोड़ने को लेकर 'गुरु होम' लॉन्च किया। यह नया फीचर न केवल टीम बनाने की रणनीतियों को बेहतर बनाने के लिए प्रामाणिक जानकारी और कंटेंट प्रदान करता है, बल्कि गुरुओं को अपनी विशेषज्ञता दिखाने और स्थायी आमदनी का जरिया बनाने का एक बेहतरीन मंच भी देता है। इसके साथ ही, यह फीचर खेल प्रशंसक को सत्यापित विशेषज्ञों तक पहुंचने का मौका देता है, जिससे उपयोगकर्ता का भरोसा, सुरक्षा और पारदर्शिता और भी मजबूत होती है। ड्रीम स्पोर्ट्स के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर राहुल मीरचंदानी ने कहा कि ड्रीम11 में हमारा फोकस हमेशा यूजर्स पर रहता है और यही सोच हमें नए-नए नवाचार करने के लिए प्रेरित करती है। गुरु होम का लॉन्च हमें बहुत उत्साहित करता है, क्योंकि यह फैंटेसी स्पोर्ट्स के क्षेत्र में बढ़ रही क्रिएटर इकोनॉमी की जरूरत को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत क्रिएटर इकोनॉमी के मामले में तेजी से ग्लोबल लीडर बन रहा है और यह पहल न केवल फैंटेसी स्पोर्ट्स का अनुभव बेहतर बनाएगी।

### होटल में आग लगने के बाद पीसीबी ने रद की राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप

**कराची** : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कराची में टीम होटल में आग लगने के बाद राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप रद को कर दिया। पीसीबी ने जारी एक बयान में कहा कि घटना में कोई खिलाड़ी जख्मी नहीं हुआ है। आग लगने के बाद सभी खिलाड़ियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर उन्हें हनीफ मोहम्मद हाई परफोर्मेंस सेंटर में भेजा गया। बयान में उन्होंने कहा कि कराची में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए वैकल्पिक जगह तलाशने का प्रयास किया लेकिन कराची में रक्षा प्रदर्शनी के कारण उन्हें होटल नहीं मिल पाया। बोर्ड ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट को रद्द करने का निर्णय किया गया। उन्होंने कहा कि कम से कम 100 कमरों की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण यह फैसला किया गया। टूर्नामेंट का विजेता इनविंसिबल्स और स्टार्स के बीच फाइनल मुकाबला खेलना जाएगा। सभी टीमों द्वारा चार-चार मैच खेले जाने के बाद यह दोनों टीमें शीर्ष पर हैं। फाइनल मैच की तारीख और स्थान की जल्द घोषणा की जाएगी।

### लखनऊ में 26 से शुरु होगी विद्यालय एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 26 से 30 नवंबर के बीच 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स अंडर-17 प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जायेगा। गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले खेलों के इस महाकुंभ में देश भर से युवा एथलीट हिस्सा लेंगे। मंगलवार को लोकभवन में इस खेल प्रतियोगिता से जुड़ी ट्रॉफी और खेलों के शुभंकर सिंघा का अनावरण किया गया। राज्य के प्रतीक बारहसिंघा के आधार पर इन गेम्स का शुभंकर सिंघा को बनाया गया है। खेलों के अंतर्गत होने वाले विभिन्न इवेंट्स को यूट्यूब के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी।

### राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को ओवरआल आठवां स्थान

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश की फिन स्वीमिंग टीम ने चतुर्थ राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप-2024 में उम्दा प्रदर्शन के साथ एक स्वर्ण, चार रजत व तीन कांस्य सहित आठ पदक अपने नाम किए। नई दिल्ली में 14 से 17 नवंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने ओवरआल आठवां स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिग एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सत्यम साहनी ने जूनियर बालक वर्ग के 50 मी. अपनिया के ग्रुप सी में स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक 50 मी.सरफेस मास्टर वी टू श्रेणी में विनय बोस, 100 मी.बाई फिन श्रेणी में जोगेंद्र प्रसाद, जूनियर बालिका ग्रुप के 50 मी.अपनिया ग्रुप डी में अदिति सिंह, 50 मी. अपनिया मास्टर वी शून्य श्रेणी में अमर अवस्थी ने जीते। इसके अलावा गायत्री ने जूनियर बालिका ग्रुप डी के 200 मी.सरफेस ग्रुप डी, धीरेंद्र यादव को 50 मी. अपनिया मास्टर वी वन श्रेणी और जोगेंद्र प्रसाद ने 100 मी.बाई फिन मास्टर वी टू श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किए।

### राहुल को ओपनिंग और पडिक्कल को नंबर-3 पर आना चाहिए : जाफर



**पर्थ** : शुक्रवार से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की सलामी जोड़ी और नंबर तीन को लेकर चल रही बहस के बीच पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर का कहना है कि केएल राहुल को यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। जाफर कहा कि मैं मानता हूं पडिकल को नंबर-तीन पर खिलाना चाहिए। वह पहले भी भारत के लिए टेस्ट खेल चुके हैं और उस नंबर से भी वाकिफ हैं। वहां पर उन्होंने रन भी बनाए हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं तो उनका नंबर-तीन पर खेलना बनता है। साथ ही जायसवाल के साथ मैं राहुल को बतौर ओपनर खिलाता। ध्रुव जुरेल भी मेरी प्लेइंग-एकादश में होंगे, वह इनफॉर्म खिलाड़ी हैं। उन्हें मैं नंबर-छह पर देखना चाहूंगा क्योंकि नंबर-तीन पर वह अधिक खेलते नहीं हैं। रोहित की गैरमौजूदगी में सलामी बल्लेबाज के तौर पर अभिमन्यु ईश्वरन और केएल राहुल का विकल्प मौजूद है। साथ गिल के चोटिल होने पर बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिकल जो कि भारत ए की टीम के साथ थे,उन्हें रोक लिया गया है। हालांकि भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट में खेलते हुए राहुल ने भी कुछ खास नहीं किया था। ऐसे में चयनकर्ताओं के लिए जायसवाल का जोड़ीदार खोजना किसी सिरदर्द से कम नहीं।

# ऋचा घोष की हुई वापसी, शेफाली वर्मा बाहर




● मुंबई,

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ पांच दिसंबर से ब्रेसबन में शुरु होने वाली तीन दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए घोषित 16 सदस्यीय भारतीय महिला टीम में ऋचा घोष की वापसी हुई हैं वहीं शेफाली वर्मा को बाहर रखा गया है।

चयनकर्ताओं ने शेफाली वर्मा के अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर रहने वालीं आशा शोभना, पूजा वस्त्रकर, श्रेयंका पाटिल, दयालन हेमलता, सयाली सतघरे और उमा छेत्री को भी टीम में जगह नहीं मिली हैं। न्यूजीलैंड श्रृंखला में पर्दापण करने वालीं साइमा ठाकोर और तेजल हसबनिस की भारतीय टीम में जगह बरकरार है। बल्लेबाज प्रिया पुनिया और हरलीन देओल को बुलावा आया है जबकि ऑफ स्पिनर मिन्नू मानी और तितास साधु को भी 16 सदस्यीय दल में चुना गया है। श्रृंखला का पहला मैच पांच दिसंबर दूसरा आठ दिसंबर ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। वहीं 11 दिसंबर को पर्थ में तीसरा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला



के लिए भारतीय टीमः- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमाह रॉड्रिग्स, हरलीन देओल, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, दीप्ति शर्मा, मिन्नु मानी, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकोर।

### टेम्बा बावुमा की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी टेस्ट

**केप टाउन,** टेम्बा बावुमा की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और उसके बाद पाक के खिलाफ होने वाली दो-दो टेस्ट मैचों की की घरेलू सीरीज में क्लीन स्वीप करते हुए डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगा। दक्षिण अफ्रीका को अगले साल लॉर्ड्स में होने वाली डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बनाने के लिए घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ दो और उसके बाद पाकिस्तान के साथ दो टेस्ट सहित सभी कुल चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की 14 सदस्यीय टीम में मार्को जेनसन और गेराल्ड कोएट्जी भी शामिल हैं।

# भारत हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

## सेमीफाइनल मुकाबलों में भारत ने जापान को 2-0 से और चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराया

● राजगीर,

**एशियन** महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के मंगलवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में भारत ने जापान को 2-0 से और चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराया। फाइनल मुकाबला भारत और चीन के बीच बुधवार को खेला जायेगा। बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में भारत और जापान के बीच काफी कड़ा मुकाबला हुआ। भारत ने जापान पर 2-0 की जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें एक-दूसरे को परखती नजर आई। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया। हालांकि, भारत ने अधिकतर समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखते हुए जापान पर दबाव बनाए रखा लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद मेहमान टीम ने अपना गोल पोस्ट सुरक्षित रखा। तीसरे क्वार्टर में भी दानों टीमें स्कोर इस गतिरोध तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकी। आखिरी क्वार्टर में भारत की नवनीत कौर ने (48वें) मिनट गोल करके गतिरोध को तोड़ा और भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय टीम ने लगातार जापान पर हमले किए और इसका सकारात्मक परिणाम उन्हें 56वें मिनट में मिला। भारतीय खिलाड़ी

### फाइनल में भारत की होगी चीन से भिड़ंत

लालरेमसियामी (56') ने गोल करके भारत का स्कोर 2-0 कर दिया। दिन में पहले सेमीफाइनल में चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। चीन के लिए पहला गोल पहले क्वार्टर के दसवें मिनट में देंग किउचैंन ने करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी चीन ने अपना दबदबा कायम रखते हुए एक के बाद एक दो गोल किए और मलेशिया पर 3-0 की बड़ी बढ़त बना ली। दूसरा गोल चीन की फैन युंक्सिया ने 17वें मिनट में किया जबकि 23वें मिनट में तन जिनजहांग ने तीसरा गोल किया। तीसरे क्वार्टर में मलेशिया की खैरुन्निसा ने मलेशिया की ओर से पहला गोल करके इस बढ़त को कम किया। हालांकि,इसके बाद कोई टीम गोल नहीं कर सकी और चीन ने यह मुकाबना एक के मुकाबले तीन गोल से जीत लिया। इससे पूर्व पांचवें और छठे स्थान के लिए आज कोरिया और थाईलैंड के बीच खेले गये मैच में कोरिया ने थाईलैंड को 3-0 से हराकर पांचवें स्थान पर जगह बनायी। जबकि थाईलैंड टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर रहा।



# जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव ने तोड़ा 30 साल पुराना रिकॉर्ड

### सचिन ने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में 84.21 मीटर भाला फेंका

**जनवाणी संवाददाता, खेकड़ा** : दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 10 से 14 नवंबर के मध्य हुई ऑल इंडिया पुलिस गेम्स प्रतियोगिता में यूपी पुलिस की तरफ से गौतमबुद्धनगर में तैनात कांस्टेबल सचिन यादव ने भाला फेंक में 84.21 मीटर भाला फेंककर नया रिकार्ड बनाया। साथ ही, पंजाब पुलिस के जवान सतबीर का रिकार्ड तोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला अहिरान निवासी सचिन यादव पुत्र नरेश यादव ने भाला फेंक में प्रतिभाग करते हुए गत 13 नवंबर को 84.21 मीटर भाला फेंककर पुलिस गेम्स में नया रिकार्ड बनाया। इससे पहले 1994 में पंजाब पुलिस के सतबीर सिंह ने 79.68 मीटर भाला फेंककर रिकार्ड अपने नाम किया था। 30 साल में उनका रिकार्ड कोई भी पुलिसकर्मी नहीं तोड़ सका था। अहिरान मोहल्ला के ही यूपी पुलिस के जवान संदीप यादव भी भाला फेंक के खिलाड़ी हैं। 2019 में संदीप ने सचिन को क्रिकेट खेलते हुए देखा था। तब उन्होंने



सचिन से बातचीत करते हुए क्रिकेट के बजाए भाला फेंक में हाथ आजमाने के लिए प्रेरित किया था। साथ ही, सचिन को कोचिंग भी संदीप ने ही दी। कोच संदीप के दिशा निर्देश में सचिन आगे ही बढ़ते रहे। कोच संदीप के साथ उनके भाई विपिन यादव ने इस मुकाम पर ले जाने में भरपूर सहयोग किया। संदीप व विपिन के बल पर ही उन्होंने यह रिकार्ड बनाया। 2023 में सचिन यूपी पुलिस में चयनित हुए। सचिन हाल में गौतमबुद्धनगर में तैनात हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के खिलाड़ियों में खुशी माहौल है। वहीं परिवार को शुभकामनाएं देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

# शमी सैयद मुश्ताक के लिए बंगाल टीम में

### सुदीप घरामी टीम के कप्तान, टूर्नामेंट की शुरूआत 23 नवंबर से

**नई दिल्ली,** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल टीम में शामिल किया गया है। शमी चोट से उबरने के बाद करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से मैदान पर वापसी किए। यह टूर्नामेंट 23 नवंबर से शुरू हो रहा है। बंगाल का पहला मुकाबला पंजाब के खिलाफ होगा।

इस बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल टीम की कप्तानी सुदीप घरामी करेंगे। जबकि रणजी ट्रॉफी में कप्तानी अनुस्तुप मजूमदार ने संभाली थी। शमी पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप क दैरान चोटिल हुए थे, उसके करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिए मैदान पर वापसी की थी। उन्होंने वापसी के दौरान मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। इस मैच के बाद यहां उम्मीद



थी कि शमी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी ऑस्ट्रेलिया बुलाया जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बंगाल टीमः सुदीप घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप चटर्जी, शाहबाज अहमद, करण लाल, रितिक चटर्जी, ऋत्विक रॉय चौधरी, शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), रणजोत सिंह खैरा, प्रयास रे बर्मन, अग्निव पैन (विकेटकीपर), प्रदीप्त प्रमाणिक, सक्षम चौधरी, इशान पोरेल, मोहम्मद कैफ, सूरज सिंधु जयसवाल, सायन घोष, कनिष्क सेठ, सौम्यदीप मंडल। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर मुंबई के कप्तान डोमेस्टिक टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। इसके लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मुंबई का पहला मैच गोवा से है। मुंबई की टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, अंगकृष रघुवंशी, जय बिस्टा, अजिंक्य रहाणे, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, साईराज पाटिल, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), आकाश आनंद, शम्स मुलानी, हिमांशु सिंह, तनुष कोटियान, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस और जुनेद खान।

# मनु, नीरज, स्मृति और हरमनप्रीत भारतीय खेल सम्मान

## मनु भाकर को स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर, नीरज चोपड़ा को स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया

● मुंबई,

**ओलंपिक**, पैरालिंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों तथा अन्य प्रमुख खेलों में असाधारण उपलब्धि और संबंधित खेलों के प्रति अटूट समपर्ण के लिए मनु भाकर, नीरज चोपड़ा, स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत सिंह को भारतीय खेल सम्मान (आईएसएच) पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

यहां आयोजित भारतीय खेल सम्मान के पांचवें संस्करण में इस वर्ष पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला स्पर्धा और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर को स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मनु भास्कर ने कहा कि मैं जूरी और भारतीय खेल के सम्मान के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे इससे सम्मानित किया। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है, यह मेरे परिवार, मेरे कोच और उन सभी के लिए है जिन्होंने मेरा साथ दिया और इस यात्रा में मुझ पर विश्वास किया। इस वर्ष पेरिस ओलंपिक और ब्रुसेल्स में डायमंड लीग में रजत पदक जीतने वाले भारत के दिग्गज भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा को स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर से नवाजा गया। नीरज ने पुरस्कार जीतने के बाद कहा कि सम्मान के लिए जूरी को धन्यवाद और



सभी अन्य विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं। साथ ही मेरी पूरी टीम को भी धन्यवाद, जिनके बिना मैं आज यहां नहीं पहुंच पाता। भारत के लिए बल्ले से और महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान के रूप में अपने दमदार प्रदर्शन के लिए स्मृति मंधाना ने टीम स्पोर्ट्स में स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर का खिताब जीता। मंधाना ने कहा कि इस सम्मान से सम्मानित होने के लिए ही नहीं बल्कि इसके लिए जो मायने रखता है, उसके लिए बेहद खुश और गौरवान्वित हूं। मुझे उम्मीद है कि यह सभी महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और हमें गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करेगा।

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि इस सम्मान का श्रेय मेरी पूरी टीम को जाता है। किसी भी खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले या टीम में शामिल सभी एथलीट इस सम्मान को जीतने के हकदार हैं। आईएसएच 2024 के अन्य विजेताओं में कोच ऑफ द ईयर (पुरुष) - जसपाल राणा, कोच ऑफ द ईयर (महिला) - सुमा शिरूर, टीम ऑफ द ईयर (पुरुष) - भारतीय हॉकी टीम, टीम ऑफ द ईयर (महिला) - शतरंज, स्टार स्पोर्ट्स बिलीव ऑनर - यशस्वी जायसवाल, पैरा एथलीट ऑफ द ईयर (पुरुष) - सुमित अंतिल, पैरा एथलीट ऑफ द ईयर (महिला) - अवनी लेखरा, एसएसएफ ग्रासरूट्स इनिशिएटिव ऑफ द ईयर ऑनर - मृदा एजुकेशन यूनिवर्सिटी पॉपुलर चॉइस ब्रेकथ्रू परफॉरमेंस ऑफ द ईयर (पुरुष) - यशस्वी जायसवाल, पॉपुलर चॉइस ब्रेकथ्रू वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (महिला) - श्रेयंका पाटिल, वर्ष का लोकप्रिय पसंदीदा क्लब - कोलकाता नाइट राइडर्स, वर्ष का लोकप्रिय पसंदीदा फैन क्लब - मंजप्पा (केरल ब्लास्टर्स), आजीवन उपलब्धि सम्मान - पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)